इंदौर
शुक्रवार
27 नवंबर 2026
वर्ष- 22 • अंक 163

दोपहर दैनिक

सिटी ब्लास्ट

स्कैन करें, ई-पेपर पढ़ें

मूल्य 2 रुपए • पृष्ठ 12

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

epaper.cityblast.in

जरूरी नंबर की हो गई जुगाड़

डीएमके व शरद पवार की पार्टी देगी सशर्त समर्थन

नई दिल्ली ● एजेंसी

संसद के दोनों सदनों की बैठक एक बार फिर बुलाई जा रही है। लोकसभा की बैठक 30 नवंबर और राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर को होगी। इसमें सरकार परिसीमन व महिला आरक्षण बिल पास कराने का प्रयास करेगी। दो-तिहाई बहुमत सरकार को जुटाना है, लेकिन सरकार ने जिस तरह यह विशेष सत्र बुलाया है उससे ऐसा लगता है कि सरकार ने जरूरी नंबर की जुगाड़ कर ली है। तमिलनाडु में कांग्रेस से धोखा खाई



द्रमुक इस बार मोदी सरकार को इन बिलों को लेकर सशर्त समर्थन दे सकती है।

लोकसभा में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के 22 सांसद हैं। राज्यसभा में उसके आठ सदस्य हैं। पार्टी ने संकेत दिया है कि वह विधेयक का समर्थन कर सकती है। बशर्ते कि राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़ाने का लिखित आश्वासन दिया जाए। इसी तरह शरद पवार की पार्टी राकांपा की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर हमारी तीन शर्तें मानी जाए तो हम समर्थन देने को तैयार हैं। इस सत्र को लेकर आज मोदी कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई है। उधर कांग्रेस ने भी परिसीमन और महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई है।



हसीना के गृह जिले का फंड रोका, ट्रेनें और पुलिस थाने भी बंद

ढाका ● एजेंसी

बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के गृह जिले गोपालगंज में सरकार ने विकास के लिए मिलने वाला पैसा रोक दिया है। जिले की कम से कम 5 ट्रेनें बंद हैं और दो पुलिस थानों में भी कामकाज ठप है। इस बीच, अवामी लीग ने आज से देशभर में लॉकडाउन का ऐलान किया है। पार्टी ने हसीना की वापसी और राजनीतिक गतिविधियों पर लगी रोक के विरोध में यह कदम उठाया है।





कश्मीर-हिमाचल में जम गई झीलें

मप्र में पारा 7 से नीचे आया कई जगह कोहरे का कहर

शुक्रवार ● एजेंसी

पहाड़ी राज्यों कश्मीर और हिमाचल में कड़ाके की ठंड के कारण पानी और झीलें जम गईं। पेड़ों पर भी पानी जमा हुआ दिखाई दिया। यहां पारा शून्य से नीचे पहुंच गया और घना कोहरा भी छाया रहा। मध्य प्रदेश में ठंड का असर बढ़ रहा है। गुरुवार रात प्रदेश के 10 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। कटनी जिले के करौंदी में सबसे कम 6.8 डिग्री तापमान रहा, जबकि भोपाल में पारा 8.8 डिग्री दर्ज हुआ। राजस्थान के 4 जिलों में पारा 5 डिग्री से नीचे आ गया। केरल और तमिलनाडु में झमाझम बारिश हुई। जबकि दिल्ली में पारा 9 डिग्री तक लुढ़क गया।

कर्नाटक में मुख्यमंत्री आवास और विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

बेंगलुरु.एजेंसी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री के आवास और विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। आरोप है कि ऐप के जरिए ऑटो बुक करने वाले एक शख्स ने धमकी दी। उसने ऑटो ड्राइवर से कहा कि वह मुख्यमंत्री के आवास के अंदर है और गेट पर मौजूद पुलिसकर्मी को फोन देने को कहा। इसके बाद धमकी देने वाले ने पुलिसकर्मी से कहा कि वह मुख्यमंत्री आवास और विधानसभा को बम से उड़ा देगा। पुलिस अब धमकी देने वाले की तलाश कर रही है।

पाक घुसपैठिया ढेर

जम्मू.एजेंसी। जम्मू के बामियाल सेक्टर में भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर बीएसएफ ने एक संदिग्ध घुसपैठिए को मार गिराया। रात करीब 2:25 बजे पहाड़ीपुर बॉर्डर आउटपोस्ट पर जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। जवानों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वह उज्ज गैप की ओर बढ़ता रहा। इसके बाद बीएसएफ ने 5 राउंड फायरिंग की, जिसमें उसकी मौत हो गई।

मप्र में भाजपा ने शुरू की चुनावी तैयारी

भोपाल.एजेंसी। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव भले ही अभी दो साल दूर हों, लेकिन भाजपा ने चुनावी तैयारियों की शुरुआती कवायद शुरू कर दी है। पार्टी ने प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर सेवा दूत तैनात किए हैं। इनमें मौजूदा विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद सहित बड़े नेता शामिल किए जाएंगे जो यह फीडबैक लेंगे कि मौजूदा सरकार से जनता और कार्यकर्ता संतुष्ट है या नहीं।

अमेरिका में तूफान से लाखों घरों की बिजली गुल, उड़ानें रद्द

वॉशिंगटन.एजेंसी। अमेरिका में तूफान से तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण 9 लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं, 1800 फ्लाइट्स लेट हुईं और 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। पूर्वी तट पर समुद्र का पानी 14 साल में सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंच सकता है। तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है।



बीजिंग.एजेंसी। चीन की मशहूर रेस्टोरेंट चेन न्यू न्यू सुकीयाकी में महिला कर्मचारियों के लिए मेकअप करना अनिवार्य कर दिया गया। कुछ शाखाओं में सफाई और किचन का काम करने वाली महिलाओं को भी लिपस्टिक, आईलाइनर और फॉल्स आईलैशेस लगाने पड़ते हैं। यहां नौकरी पर जाने से पहले उन्हें सिर्फ तैयार होकर नहीं, बल्कि पूरा मेकअप करके पहुंचना पड़ता है। हैरानी की बात यह है कि यह नियम सिर्फ ग्राहकों को खाना परोसने वाली महिला कर्मचारियों के लिए नहीं है, बल्कि किचन में काम करने और सफाई करने वाली महिलाओं को भी मेकअप करना पड़ता है।

दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को अब राज ठाकरे की धमकी

मुंबई.एजेंसी। दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट जल्द ही महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में होने वाला है, लेकिन इससे पहले ही राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने कहा कि दोसांझ के कॉन्सर्ट में ड्रग्स का सेवन होता है, इसलिए इसे रोका जाए, वरना हम रास्ता रोकेंगे।

पार्क की बेंच पर बैठकर रो रही थी महिला, लगा जुर्माना

शुक्रवार.एजेंसी। जर्मनी के गेल्सेनकिर्चेन में 31 साल की हाना नाम की महिला बच्चों के प्लेग्राउंड की बेंच पर बैठकर रो रही थी और फोन पर बात कर रही थी। जबकि उसके साथ कोई बच्चा नहीं था, इसलिए महिला पर जुर्माना लगाया गया।

बॉयफ्रेंड को पीटा गर्लफ्रेंड से रेप

नागपुर.एजेंसी। महाराष्ट्र के नागपुर में जंगल में एक युवक ने कपल पर हमला कर बॉयफ्रेंड को पीटकर भगा दिया और फिर 19 साल की युवती से रेप किया।

आज से 20 रुपए में देखो केजरीवाल का शीशमहल

नई दिल्ली.एजेंसी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएम कार्यकाल के दौरान मिला सरकारी आवास आज से जनता के लिए खोला जाएगा। लोग 20 रुपए का टिकट खरीदकर यह बंगला देख सकते हैं। केजरीवाल ने करोड़ों रुपए का सरकारी धन खर्च कर इस बंगले को आलीशान बनाया था। भाजपा ने इसे शीश महल नाम दिया था।

योगी नहीं तो यूपी नहीं





शुक्रवारएजेंसी। उद्धव गुट की शिवसेना के नेता संजय राउत ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने योगी को काबिल नेता और हिंदुत्व का मजबूत चेहरा बता दिया है। इतना ही नहीं, राउत ने यहां तक कह दिया कि वे सीएम योगी से बहुत प्यार करते हैं। उन्होंने कहा- 'योगी नहीं तो यूपी नहीं'। राउत ने कहा कि सीएम योगी हिंदुत्व का एक ऐसा चेहरा हैं जो सबसे ऊपर हैं। उन्होंने कहा कि अगर सीएम योगी ने खुद को मुख्यमंत्री का चेहरा बताया है तो इसका मतलब है कि उन्हें भरोसा है कि यूपी में बीजेपी को बहुमत मिलेगा और निर्वाचित विधायक उन्हें चुनेंगे।

मोघे ने संविधान दिवस पर कांग्रेस को कोसा

कांग्रेस के नेता संविधान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कल संविधान दिवस पर नगर भाजपा ने भाजपा कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्णमुरारी मोघे के व्याख्यान का आयोजन किया था। मोघे ने कहा कि कांग्रेस के नेता संविधान को लेकर भ्रम फैला रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता उस मुद्दे पर जन जागरण करें। मोघे ने कहा संविधान लागू हुए 77 साल हो गए हैं, लेकिन इन 7 सालों में संविधान पर चर्चा ज्यादा हो रही है। संविधान ने हमें मौलिक अधिकार दिए हैं। मदन मोहन मालवीय जी ने संविधान समिति बनाने की मांग उठाई। लेकिन मुस्लिम लीग ने संविधान सभा का विरोध किया।

मोघे ने कहा कि हमारा संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। यह हस्तलिखित संविधान है, इसे लिखने में 2 माह का समय लगा, जब संविधान लिखने वाले राजाराम जी से पारिश्रमिक पूछा गया तो उन्होंने कहा कि संविधान के हर पन्ने पर मेरे हस्ताक्षर होंगे यही मेरा पारिश्रमिक होगा, तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व संविधान में कई महत्त्वपूर्ण संशोधन हुए है, जिसके फलस्वरूप लोकतंत्र मजबूत हुआ है। लेकिन कुछ लोग भ्रम फैलाकर संविधान बचाने की बात कर रहे है, वह संविधान बचाने के लिए नहीं अपनी राजनैतिक रोटी सेक रहे है। वहीं भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा लोकतंत्र को कुचलने वाली कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने की दुहाई दे रही है। जो कांग्रेस के नेता हाथों में संविधान लेकर घूम रहे है वो अपने परिवार के इतिहास को पढ़े, उनके परिवार ने लगातार संविधान को तोड़ने का काम किया है। आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की, चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने का पाप किया। जिन्होंने लोकतंत्र को कुचलने का काम किया, वो आज लोकतंत्र को बचाने की दुहाई दे रहे है।

इस अवसर पर महेंद्र हार्डिया, रमेश मेंदोला, ईश्वर बाहेती, मुद्रा शास्त्री, अंजू माखीजा, नितिन शर्मा, सुधीर कोल्हे, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक बबलू शर्मा, हरप्रीत सिंह बक्शी, राकेश शर्मा, वासुदेव पाटीदार, नेहा शर्मा, स्वाति काशीद, कंचन गिदवानी, नारायण पालीवाल, विशाल यादव, वरुण पाल, हेमराज वाडिया, रानू गर्ग, गोविंद पंवार, इंदु श्रीवास्तव, दीपांश खण्डेलवाल, राजा कोठारी, प्रेम व्यास, महेश जोशी, विवेक सिन्हा, निमेष पाठक, निखिल सोनी, श्रेष्ठा जोशी, माधुरी जायसवाल सहित मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

25 अखाड़ा और व्यायामशालाओं को 21 हजार के चेक



एमआईसी सदस्य ने दी प्रोत्साहन राशि

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया ने अखाड़ा परंपरा को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित कर सम्मान स्वरूप प्रोत्साहन राशि देने का कार्य महापौर सभाकक्ष में कल किया। 25 अखाड़ों एवं व्यायामशालाओं को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक वितरित किए गए। पहाड़िया ने कहा इंदौर की अखाड़ा परंपरा हमारी सांस्कृतिक विरासत एवं गौरव का प्रतीक है। यह राशि श्री गणेश चल समारोह के अंतर्गत अनंत चतुर्दशी पर निकलने वाले चल समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों एवं व्यायामशालाओं को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।



ग्रामीण भाजपा पदाधिकारियों की परिचय बैठक

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। इंदौर ग्रामीण भाजपा ने परिचय बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का परिचय आयोजन के बाद उनका सम्मान किया गया। संगठन की मजबूती का पाठ भी पढ़ाया गया। पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का भोज भी आयोजित हुआ। ग्रामीण मोर्चा अध्यक्ष शिव डींगू, जीतू कुशवाहा ने सभी को बधाई दी।

प्रियंका गांधी और रॉबर्ट वाड्रा बच्चों के साथ आ सकते हैं इंदौर

इंदौर। कांग्रेस नेता सुवेग राठी ने बताया कि कुछ माह पहले प्रियंका गांधी और उनके पति रॉबर्ट वाड्रा उनके आमंत्रण पर निजी यात्रा पर इंदौर आए थे और सुवेग राठी के पिता कमल किशोर राठी के द्वारा स्थापित की गई महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में दृष्टिबाधित बालिकाओं के साथ आयोजित कार्यक्रम में रुके थे। उस समय सुवेग राठी ने आग्रह किया था कि वे फिर से यहां आए इस पर रॉबर्ट वाड्रा और प्रियंका गांधी ने कहा था कि वे उनके बेटे रेहान और बेटी मिराया के साथ कार्यक्रम में शिरकत करनें आएंगे। अब इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा को उनका पुराना वीडियो पोस्ट किया तो रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वे प्रियंका गांधी और बच्चों के साथ शीघ्र ही फिर इंदौर महेश दृष्टिहीन कल्याण संघ में आएंगे। उक्त जानकारी सुवेग राठी ने देते हुए कहा कि संकेत के मुताबिक जल्द ही प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा, रेहान और मिराया वाड्रा आएंगे। अभी इस पूरे मामले में स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है कि कब आएंगे।



दृष्टिहीन बच्चों से मिलने के लिए उन्होंने फिर से इच्छा जताई

जेल भेजकर मेरी आवाज दबाने की कोशिश की गई-मिमरोट

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनाली मिमरोट दो दिन पहले फूटी कोठी-द्वारकापुरी सब्जी मंडी स्थापित करने के लिए ब्रिज के नीचे बोगदा में सब्जी व्यापारियों के बीच पहुंची थी। विरोध के बीच हाथ उठाने के मुद्दे पर उन्हें गिरफ्तार किया गया था और न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया था। कल न्यायालय से उनकी जमानत हुई, उसके बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने भी एक मैसेज बनाकर कांग्रेसियों को भेज दिया था कि सभी कांग्रेसी मिमरोट का स्वागत करने जेल के बाहर पहुंचे, वह मैसेज ठीक से कांग्रेसियों तक नहीं पहुंचा इसलिए शहर कांग्रेस के कांग्रेसी कम तादाद में जेल तक पहुंचे थे। जेल पर मिमरोट समर्थक नजर आए। जेल के बाहर निकलने पर मिमरोट ने कहा जनता की आवाज़ उठाना और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करना मेरा कर्तव्य है। मुझे जेल भेजकर मेरी आवाज़ दबाने की कोशिश की गई, लेकिन मेरा हौसला और जनता के प्रति मेरा संकल्प पहले से और मजबूत हुआ है। मिमरोट ने जेल से बाहर आने के बाद चिंटू चौकसे, राजेश शर्मा, देवेंद्रसिंह यादव, सत्यनारायण सलवाडिया, राजू भदौरिया, रविकांत मिश्रा, बंटी बदलानी, बादशाह मिमरोट, अरविंद विश्वकर्मा, अंकित धवन का नाम लेकर कहा कि इन्होंने मुझे सहयोग किया और उनका आभार भी माना गया। मिमरोट ने कहा आगे भी अब संघर्ष जारी रहेगा, आवाज बुलंद रहेगी।

शहर कांग्रेस का मैसेज सभी कांग्रेसियों तक नहीं पहुंचा

केंद्रीय मंत्री ने दी योजनाओं की जानकारी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संविधान दिवस पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के बीच केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी ने शिरकत की थी। उन्होंने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आधारशिला, विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। वहीं उन्होंने महिला केंद्रित विकास के अलावा ऊर्जा सुरक्षा, स्वच्छ ईंधन और आत्मनिर्भरता भारत की विकास यात्रा के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस दौरान शंकर लालवानी, राकेश शुक्ला गोलू, राकेश सिंघई, डॉ. प्रज्वल खरे सहित अन्य भी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री का विरोध करने पहुंचे भाराछासं नेता

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

केंद्रीय मंत्री हरदीपसिंह पुरी कल संविधान दिवस पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के तक्षशीला परिसर में पहुचे थे। उनका विरोध करने भाराछासं जिला अध्यक्ष विक्रम सचान सहित अन्य कांग्रेस के छात्र नेता और पदाधिकारी पहुंचे। केंद्रीय मंत्री को पोस्टर दिखाकर विरोध भी विक्रम सचान और साथियों ने जताया।



विजयवर्गीय, गर्ग और बिंदल को मिली संत सम्मेलन की जिम्मेदारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन रोड स्थित शहर के प्राचीन अखंड धाम आश्रम पर अ.भा. वेदांत संत सम्मलेन का आयोजन 23 दिसम्बर से प्रारंभ होकर संतों की मौजूदगी में स्वामी अखंडानंद महाराज की महाआरती के साथ 29 दिसम्बर तक चलेगा। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ एवं जगद्गुरु स्वामी रामदयाल सहित 40 से अधिक संत आएँगे। रोजाना दोपहर 1 से 3 बजे तक सामाजिक सरोकार से जुड़े विभिन्न आयोजन भी होंगे। वहीं दोपहर 3 से 6 बजे तक संतों के प्रवचन होंगे। शुभारम्भ 23 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं जगद्गुरु शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ की अध्यक्षता, वृंदावन के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद के सानिध्य में समाजसेवी विनोद अग्रवाल की मौजूदगी में होंगे। संत सम्मेलन की दिव्यता को देखते हुए पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय को प्रमुख संयोजक एवं समाजसेवी टीकमचंद गर्ग और विष्णु बिंदल को स्वागताध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी चेतन स्वरूप, हरि अग्रवाल आयोजन से प्रमुखता से जुड़े है। आयोजन को लेकर 30 नवम्बर को बैठक में 10 समितियों का गठन भी किया जाएगा।

नेहरू नगर के रहवासियों ने माना राजनेताओं का आभार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। नेहरू नगर क्षेत्र के रहवासी इन दिनों इस बात से गदगद है कि वीर सावरकर प्रतिमा से अटल गेट, एमआईजी थाने तक प्रस्तावित 60 फीट चौड़ी सड़क के स्थान पर 50 फीट चौड़ी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यहां के रहवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक महेन्द्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, राजेश उदावत, नंदकिशोर पहाडिया और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा का राहुल-कांतिलाल लोदवाल, अजय-गणेश चौधरी एवं रहवासियों ने आभार माना है।



बाबा साहब आम्बेडकर को याद किया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस पर कल नगर पंचायत हातोद में बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अजा मोर्चा के विनोद भिलवाड़ा, सांसद प्रतिनिधि संजय सोनी, संतोष गुप्ता, चंद्रशेखर छापोला, वीना मोतलाल राजौरा, सुनील चौकसे, पंचायत के सीएमओ और कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चंदननगर में लगने लगी द्वारकापुरी की सब्जी मंडी

कांग्रेस के संघर्ष के बीच सब्जी व्यापारियों ने नया रास्ता चुना

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

इंदौर नगर निगम की मंशा के अनुसार चंदन नगर में अब द्वारकापुरी की सब्जी मंडी लगने लगी है। सब्जी की दुकान लगाने वाले व्यापारियों ने कांग्रेस के संघर्ष के बीच में अपना नया रास्ता चुन लिया है।

द्वारकापुरी की सब्जी मंडी को सड़क से हटकर फूटी कोठी के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे ले जाने की मांग चल रही है। इस मांग के लिए कांग्रेस के द्वारा सब्जी व्यापारियों के समर्थन में संघर्ष किया जा रहा है। यह संघर्ष अभी चल ही रहा है कि सब्जी व्यापारियों ने अपना रास्ता बदलना शुरू कर दिया है। नगर निगम के द्वारा जब इस सब्जी मंडी को हटाया गया था तो उस समय पर ही इन सब्जी व्यापारियों को वैकल्पिक स्थान के रूप में चंदन नगर क्षेत्र में स्थान दे दिया गया था और इनसे कहा गया था कि वहां पर जाकर अपनी दुकान लगा ले।

पहले तो सब्जी व्यापारियों ने चंदन नगर में जाकर दुकान लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कांग्रेस के नेताओं का जिस तरह से संघर्ष हुआ और नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया उसके बाद में सब्जी व्यापारियों के भी हौसले टूटना शुरू हो गए। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि कल इन सब्जी व्यापारियों के द्वारा उन्हें दिए गए नए स्थान पर अपनी दुकान लगा ली गई। नगर निगम के अधिकारी लगातार इस बात पर निगरानी कर रहे थे कि कौन से व्यापारी नए स्थान पर जाते हैं और कौन से नहीं जाते हैं।

इस स्थिति में निगम के अधिकारियों ने पाया कि अधिकांश व्यापारियों ने नए स्थान को अपना लिया है और वहां पर कल अपनी दुकान लगाकर कारोबार भी किया इसके साथ ही अब निगम के अधिकारियों को इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि कांग्रेस के द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है उसकी हवा पूरी तरह से निकल जाएगी।

जीतू पटवारी के लिए कांग्रेस ने चलाए हर विधानसभा में मैसेज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष 4 बजे पहुंचेगे द्वारकापुरी सब्जी मंडी, विधानसभाओं से निकलेंगे 3 बजे से कांग्रेसी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

द्वारकापुरी की सब्जी मंडी को फूटी कोठी के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे लगवाने के लिए आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी सब्जी व्यापारियों के लिए कांग्रेस के द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन में एक नई कड़ी जोडेंगे। इस सब्जी मंडी के लिए शहर कांग्रेस ने सभी विधानसभा प्रभारियों को ब्लाक और मंडलम अध्यक्षों के माध्यम से भीड़ लेकर पहुंचने के निर्देश दिए। उसी के बाद सभी विधानसभा प्रभारियों ने अपनी-अपनी विधानसभा के ब्लाक और मंडलम में दोपहर 3 बजे फूटी कोठी पहुंचने के निर्देश दिए है, जबकि पटवारी 4 बजे पहुंचेंगे। इधर सब्जी व्यापारी को चंदन नगर में जगह देना शुरू करने के बाद सब्जी व्यापारियों ने वहां दुकान लगाना भी शुरू कर दी है। कांग्रेस चाहती है कि इन सब्जी व्यापारियों को काफी दूर चंदन नगर नहीं भेजा जाए, जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने घोषणा की थी कि इस सब्जी मंडी को फूटी कोठी के फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे लगाया जाएगा। अब नगर निगम अपनी घोषणा से पीछे हट रहा है ऐसी स्थिति में कांग्रेस द्वारा सब्जी व्यापारियों के हितों के संरक्षण के लिए लड़ाई लड़ी जा रही है। कल भी भाजपा नेताओं के दबाव में इन सब्जी व्यापारियों के लिए आवाज उठाने मैदान में उतरे कांग्रेस नेताओं के खिलाफ पुलिस में मुकदमा दर्ज किया और नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट को जेल भेज दिया गया। ऐसा आरोप भी शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने लगाया। चौकसे ने कहा कि अब इस मामले की लड़ाई लड़ने के लिए आज शाम 4 बजे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी आ रहे हैं। पटवारी यहां द्वारकापुरी की सब्जी मंडी पर जाएंगे और पुल के नीचे सब्जी व्यापारियों की दुकान खुद खड़े रहकर लगवाएंगे। इस आंदोलन के माध्यम से कांग्रेस पूरे इंदौर के गरीब और पीड़ित नागरिकों को यह संदेश देना चाहती है कि उनके लिए संघर्ष करने के लिए कांग्रेस मैदान में है।

भाजपा की सेवादूत अभियान कार्यशाला कल

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने बताया कि कल 28 नवंबर को सुबह 10 बजे सुपर कॉरीडोर स्थित प्ले होटल एंड रिसॉर्ट में भाजपा द्वारा सेवादूत अभियान की कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर मार्गदर्शन देंगे। इस कार्यशाला में इंदौर, उज्जैन, मंदसौर और निमाड़ संभाग के अपेक्षित कार्यकर्ता शामिल होंगे।



कांग्रेस पदाधिकारियों ने संविधान रक्षा का संकल्प लिया

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों एवं कांग्रेसजनों ने संविधान की शपथ लेकर संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती तथा आम नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि वे संविधान में निहित मूल्यों, नियमों एवं सिद्धांतों के अनुरूप आम जनता को जागरूक करेंगे तथा संविधान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। क़ोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग, संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल, कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव, इम्तियाज बेलिम, शेलू सेन, जतिन थोरात, प्रज्ञा शुक्ला, प्रज्ञा फिलिप्स, गंगा साटकर, संजय मालवीय, नट्टू भागवत, अश्विन जोशी सहित अन्य मौजूद थे।

युवा बने विकसित भारत के निर्माण में सहभागी-लालवानी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर रेनेसां लॉ कॉलेज में आयोजित संविधान जागरूकता महाअभियान के अन्तर्गत शुभारम्भ करने सांसद शंकर लालवानी, पूर्व राज्यपाल वीएस कोकजे पहुंचे थे। लालवानी ने युवाओं से कहा कि वे संविधान के मूल्यों को आत्मसात कर विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें, संविधान केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता का आधार है।वी.एस. कोकजे ने कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन व्यवस्था संचालित करने वाला दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं, राष्ट्रीय एकता और नागरिक अधिकारों का मजबूत आधार है। हमारा संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार प्रदान करता है तथा देश की विविधताओं को एक सूत्र में पिरोकर लोकतंत्र को मजबूती देता है।इस अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग एवं आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों एवं विजेताओं को सम्मानित किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के जरिए संविधान के महत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। सांसद सेवा संकल्प द्वारा आयोजित यह तीन दिवसीय संविधान जागरूकता महाअभियान आज और कल 28 नवंबर तक इंदौर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है।

सोना-चांदी में जोरदार वापसी: 2 दिन में चांदी 17,242 और सोना 7,245 चढ़ा

मुंबई (सिटी ब्लास्ट डेस्क)। लगातार गिरावट के बाद सोना-चांदी में तेज रिकवरी आई है। वायदा बाजार एमसीएक्स पर 25 नवंबर को चांदी 1,36,712 प्रति किलो और सोना 1,17,906 प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर आ गया था। शुक्रवार सुबह 11:04 बजे चांदी 1,53,954 और सोना 1,25,151 पर कारोबार करता दिखा। यानी सिर्फ 2 दिन में चांदी 17,242 (12.61प्रश) और सोना 7,245 (6.14प्रश) चढ़ चुका है। गुरुवार के बंद भाव से भी चांदी 8,111 और सोना 2,879 ऊपर है। हालांकि दोनों धातुएं 17 नवंबर के ऊंचे स्तर से अब भी नीचे हैं।

महूनाका पर फिर लगा 350 करोड़ का दांव

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

महूनाका के पास श्ध्ड लाइंस की सरकारी जमीन पर एक बार फिर बड़ा खेल शुरू हो गया है। इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड ने 53,000 वर्गमीटर जमीन के विकास के लिए दूसरी बार टेंडर निकाल दिया है। पहली बार में बात नहीं बनी, तो अब फिर से जारी किया है।

एमओजी लाइंस की 53 हजार वर्गमीटर जमीन पर बनेगी नई टाउनशिप, डेवलपर को मिलेगा बेचने का अधिकार

क्या है पूरा प्रोजेक्ट?

महू नाका के पास एमओजी लाइंस लैंड पार्सल-2 की 53 हजार वर्गमीटर जमीन यानी करीब 13 एकड़ से ज्यादा जमीन। इस जमीन को इंदौर स्मार्ट सिटी के एबीडी मास्टर प्लान विशेष और विकास नियंत्रण विनियम के हिसाब से विकसित किया जाएगा।इसमें डेवलपर जमीन का डिजाइन बनाएगा, अपने पैसे से बनाएगा, और बनाकर बेचेगा भी। सरकार को सिर्फ नियम के हिसाब से विकास चाहिए। डेवलपर को अपनी टेक्निकल प्रपोजल में ही बताना होगा कि वह इस जमीन पर प्लॉटिंग करेगा या मल्टी-स्टोरी टाउनशिप बनाएगा। उसी प्लान के हिसाब से उसे विकसित यूनिट और ओपन स्पेस बेचने का अधिकार दिया जाएगा।

कितना बड़ा है यह सौदा?

विवरण राशि / तारीख- टेंडर फॉर्म की कीमत 50,000 रुपये

बिड सिक्योरिटी (ईएमडी) 8,74,50,000 रुपये

रिजर्व प्राइस 3,49,80,00,000 रुपये यानी करीब 349 करोड़ 80 लाख रुपये। यह इंदौर के सबसे प्राइम इलाकों में से एक का सौदा है।

पहली बार क्यों नहीं बनी बात?

स्मार्ट सिटी ने इसे सेकेंड काल लिखा है, यानी पहली बार में बात नहीं बनी। उस वक्त 4 कंपनियों ने इस प्रोजेक्ट को लेने में रुचि दिखाई। इसमें से एक कंपनी ने अपना फायनेन्शियल आफर गलत लिफाफे में रख दिया इसके कारण मामला बिगड गया।

क्यों है यह जमीन इतनी खास?

एमओजी लाइंस की जमीन कभी सरकारी क्वार्टरों और दफ्तरों की थी। अब री-डेन्सिफिकेशन पॉलिसी के तहत सरकार इन पुरानी जमीनों को नए सिरे से विकसित कर रही है। एक तरफ श्ध्ड लाइंस पार्सल-1 में स्मार्ट सिटी ने इलेक्ट्रिफिकेशन और सबस्टेशन के बदले जमीन देने वाला टेंडर निकाला था, तो दूसरी तरफ पार्सल-2 में सीधे 53 हजार वर्गमीटर पर टाउनशिप बनाने का टेंडर आ गया है। मतलब, महू नाका आने वाले 2-3 साल में इंदौर का सबसे नया और सबसे महंगा रिहायशी इलाका बनने जा रहा है।

आम आदमी पार्टी ने सब्जी विक्रेताओं के लिए सौंपा ज्ञापन

संविधान दिवस भी मनाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री अनुराग यादव ने बताया कि आप पार्टी ने संविधान दिवस एवं पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के साथ ही पार्टी ने शहर के दो महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को लेकर जिला प्रशासन के समक्ष अपनी आवाज बुलंद की। फूटी कोठी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं के साथ हो रही कार्रवाई और उनके रोजगार पर मंडरा रहे संकट को लेकर पार्टी ने विक्रेताओं के पक्ष में आवाज उठाई। पार्टी ने मांग की कि गरीब और मेहनतकश लोगों की आजीविका प्रभावित करने से पहले उनके लिए उचित वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। वहीं कृष्णबाग कॉलोनी (ग्राम खजराना) में मकानों को तोड़े जाने से प्रभावित बेघर परिवारों के पुनर्वास, उचित आर्थिक मुआवजे और कथित भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा गया। यादव ने मांग की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं पुनर्वास दिया जाए तथा सब्जी विक्रेताओं को सम्मानजनक तरीके से रोजगार करने के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए। आम आदमी पार्टी ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का वास्तविक उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि संविधान में दिए गए समानता, न्याय और सम्मान के अधिकारों को जमीन पर लागू करवाना है।



कांग्रेसियों ने किया मेहरा का सम्मान

इंदौर। डॉ भीमराव अम्बेडकर सभाग्रह मूसा खेड़ी मे भारतीय संविधान सभा सत्य शोधक समाज अन्तर्राष्ट्रीय संघठन द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेसियों की मौजूदगी में विजयकुमार मेहरा का सम्मान किया गया। रानू मलोरिया, अमित चौरसिया ने बताया कि डॉ. अर्चना जायसवाल के आतिथ्य में मेहरा का सम्मान किया गया। प्रवीण सूर्यवंशी, सदाशिव यादव, छोटेलाल कश्यप, राजू चौहान, संजय खादीवाला, हुकमचंद यादव, कपिलसिंह चौहान, प्रियज्ञा सिंह, रीना सुर्यवंशी उपस्थित है।

विजयवर्गीय के गृह क्षेत्र का मामला, कांग्रेस से चुनाव लड़े बब्बू की धार्मिक यात्रा को मेंदोला ने किया रवाना तो शुरू हुई चर्चाएं

मेंदोला की बस को हरी झंडी या बब्बू को!

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गृह वार्ड क्रमांक 27 से बीते निकाय चुनाव में कांग्रेस से चुनाव लड़ने वाले बब्बू यादव इन दिनों भाजपाइयों के करीब दिखने से चर्चाओं में है। कल वार्ड के लोगों की धार्मिक यात्रा का रवाना करने का आयोजन बब्बू ने किया। खास बात यह है कि विधायक रमेश मेंदोला ने बसो को हरी झंडी दिखाई।



नवरात्रि के दौरान जीतू यादव ने मंच से मासूम अनिका के इलाज के लिए हुए जनसहयोग में बब्बू यादव की भूमिका के लिए तारीफ की थी। इसके बाद कल बब्बू यादव ने अयोध्या सहित 5 धार्मिक स्थलों के लिए 5 बसें रवाना की। यात्रा में शामिल वार्ड के श्रद्धालुओं ने जयकारे भी लगाए। यात्रा को हरी झंडी दिखाने पहुंचे मेंदोला ने बब्बू को समाजसेवी बताया। अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि क्या मेंदोला ने बब्बू की यात्रा के लिए बस को हरी झंडी दी या बब्बू को! कयास भी लगाए जा रहे है कि बब्बू दलबदल पर विचार कर सकते है। हालांकि आगामी दिनों क्या होगा, इसका तो अंदाजा किसी को नहीं,बस चर्चाओं का बाजार जरूर गर्म हो गया है।

वार्ड जीतने में छूटे थे पसीने

वार्ड क्रमांक 27 से बब्बू यादव पिछला चुनाव लड़े थे, उनका सामना मुन्नालाल यादव से हुआ था, वार्ड में बब्बू की पकड़ का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लाखों मतों से जीतने वाले मेंदोला की विधानसभा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का गृह क्षेत्र और सामने सीनियर नेता मुन्नालाल यादव होने के बावजूद इस वार्ड को जीतने में भाजपा को पसीने छूट गए थे। बब्बू कई वर्षों से घर-घर पानी बांटने का काम भी कर रहे हैं।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष का भी है क्षेत्र

बताया जा रहा है बब्बू यादव द्वारा पहले भी इस वार्ड से धार्मिक यात्रा निकाली गई है। हालांकि यह यात्राएँ 1 दिवसीय ही हुई है। इन यात्राओं के दौरान बस पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चिंटू चौकसे और राजू भदौरिया के भी चित्र होते थे।लेकिन कल रवाना हुई यात्रा में चौकसे, राजू और मेंदोला किसी के चित्र तो नहीं थे, लेकिन मेंदोला की मौजूदगी चर्चाओं में रही। हालांकि बब्बू ने सोशल मीडिया पर इस आयोजन में चिंटू चौकसे और राजू भदौरिया की उपस्थित बताई।जबकि सूत्रों का कहना है कि यह चौकसे और भदौरिया का पुराना चित्र है जिसे इस आयोजन से जोड़ दिया गया।



पार्षद ने खड़े रहकर करवाया बोरिंग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा 3 के वार्ड 59 की पार्षद डॉ. रुपाली अरुण पेंढारकर ने क्षेत्रीय नागरिकों के साथ खड़े रहकर बोरिंग करवाया। कम बारिश के मद्देनजर आगामी गर्मियों में जल वितरण के लिए वार्ड 59 में हाइड्रेंट भी तैयार करवाए जा रहे है।

तापमान गिरा और हवा का रुख भी बदल गया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर के मौसम के करवट बदलने का सिलसिला जारी है। अब 24 घंटे में ही तापमान गिर गया है और हवा का रुख भी बदल गया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अभी इंदौर के मौसम में ऐसे बदलाव होते रहेंगे।

मौसम विभाग के अनुसार कल इंदौर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से 1 डिग्री सेल्सियस कम है। यह तापमान परसों 29.2 डिग्री सेल्सियस था। उस दिन तापमान सामान्य था। इसी प्रकार न्युनतम तापमान कल 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से 2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। एक दिन पहले यह तापमान 12 डिग्री सेल्सियस हो कर सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा था। कल हवा की रफ्तार भी 15,0 किलोमीटर प्रति घंटा रही। जबकि एक दिन पूर्व हवा की रफ्तार 11 किलोमीटर प्रति घंटा थी।

तापमान के परिवर्तन के साथ हवा का रूप में बदल गया। अब इस मौसम में दिन के समय में इंदौर में लोगों को फिर से गर्मी लगने लगी है। शाम से लेकर रात तक और सुबह जल्दी ठंड का एहसास होता है। ठंड भी ऐसी नहीं पड़ रही है कि व्यक्ति कांप जाएं। केवल नाम की ठंड पड़ रही है। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि आने वाले दिनों में ठंड के तेवर तेज होंगे। फिर भी कम बारिश होने के कारण पिछले सालों की तुलना में इस बार ठंड कम पड़ेगी।

बाजारों में पार्किंग के लिए जगह नहीं, सड़क पर वाहन खड़े करना मजबूरी; शुल्क लगेगा या फ्री, एमआईसी में फैसला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

तीन सड़कों पर पार्किंग का प्रयोग सफल, कलेक्टर ने पांच और सड़कों के पेड पर्किंग के निर्देश। महापौर बोल चुके है पार्किंग का पैसा नहीं लेंगे

शहर के बाजारों में खरीदारी करने जाएं तो दुकान तक पहुंचने से पहले वाहन खड़ा करने की जगह तलाशना बड़ी चुनौती बन गया है। सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहन, फुटपाथ पर कब्जे और पार्किंग की कमी के कारण कई बाजारों में यातायात जाम आम हो गया है। पार्किंग के लिए जगह नहीं मिलने पर लोग सड़क पर ही वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे दूसरे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों की परेशानी बढ़ती है। इस समस्या के समाधान के लिए नगर निगम ने तीन सड़कों पर ऑन-स्ट्रीट पार्किंग का प्रयोग किया, जो सफल रहा। अब पांच और सड़कों पर इसे लागू करने की तैयारी है, लेकिन पार्किंग सशुल्क होगी या निःशुल्क, इस पर निगम अधिकारियों और महापौर के बीच मतभेद हैं। शनिवार को होने वाली महापौर परिषद (एमआईसी) की बैठक में इसका फैसला होगा।

बाजारों में पार्किंग की समस्या गंभीर

राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, सराफा, एमजी रोड, जेल रोड, रानीपुरा और सियागंज जैसे बाजारों में पार्किंग की समस्या लगातार सामने आ रही है। त्योहारों और खरीदारी के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं। हाल ही में राजवाड़ा क्षेत्र में सात पार्किंग स्थलों की क्षमता करीब 2925 वाहनों की बताई गई, इसके बावजूद पार्किंग और यातायात का दबाव बना रहा। कई जगह पार्किंग मौजूद होने के बाद भी लोगों को उसकी जानकारी और पहुंच नहीं होने से वाहन सड़क पर खड़े होते हैं। स्मार्ट पार्किंग की व्यवस्थाओं में भी लिफ्ट बंद और संचालन संबंधी समस्याएं सामने आई हैं।

पार्किंग प्रयोग की टाइमलाइन

- अक्टूबर 2026: शहर में पार्किंग व्यवस्था सुधारने के लिए संभावित स्थानों की पहचान और प्रयोग की तैयारी।
- नवंबर की शुरुआत: जेल रोड सहित प्रमुख बाजारों में वाहनों को व्यवस्थित खड़ा कराने की पहल।
- 16 नवंबर: तीन सड़कों पर ऑन-स्ट्रीट पार्किंग का प्रयोग सफल, 24 अन्य सड़कों पर विस्तार का प्रस्ताव तैयार।
- 21 नवंबर: सड़क सुरक्षा समिति ने पांच और सड़कों पर पार्किंग व्यवस्था लागू करने की तैयारी की।

पेड पार्किंग पर अधिकारियों और महापौर की अलग राय

निगम अधिकारी पार्किंग व्यवस्था को सशुल्क लागू करने के पक्ष में प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं, जबकि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का कहना है कि पार्किंग निःशुल्क रहनी चाहिए। कलेक्टर शिवम वर्मा सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पांच सड़कों पर पार्किंग व्यवस्था लागू करने के निर्देश दे चुके हैं। अब एमआईसी में तय होगा कि वाहन चालकों से शुल्क लिया जाए या उन्हें मुफ्त पार्किंग की सुविधा मिले।

1- राजवाड़ा क्षेत्र की सात पार्किंगों की क्षमता करीब 2,925 वाहनों की रिपोर्ट की गई, फिर भी बाजारों में जाम और पार्किंग संकट बना रहा।

2- जेल रोड पर व्यवस्थित दोपहिया पार्किंग से सड़क पर चलने और बाजार पहुंचने में राहत ।

2- संजय सेतु स्मार्ट पार्किंग में लिफ्ट बंद और संचालन संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं।

3- राजवाड़ा, जवाहर मार्ग, एमजी रोड, सरवटे और रानीपुरा क्षेत्रों में अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या।

4- पेड नहीं फ्री पार्किंग चाहते हैं इंदौर के लोग जिस स्थान पर शुल्क किया जाता है वहां गाड़ी पार्क नहीं करते इसीलिए मल्टी लेवल पार्किंग का उपयोग क्षमता के अनुरूप नहीं हो रहा।

कल होने वाली एमआइसी बैठक में ये प्रस्ताव

एमआईसी बैठक में सौर ऊर्जा और नवकरणीय ऊर्जा के लिए अलग विभाग बनाने, 33 इलेक्ट्रिक-सीएनजी टैंकर खरीदने, विज्ञापन अधिकार, डिजिटल गवर्नेंस प्लेटफॉर्म के लिए अर्नेस्ट एंड यंग से पूरक अनुबंध, उद्यानों व ग्रीन बेल्ट के रखरखाव, दिव्यांगजनों के आरक्षित पदों की पूर्ति और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े प्रस्तावों पर भी चर्चा होगी।

ताज नगर में नहीं आ रहा कांच जैसा पानी

इंदौर। कांग्रेस और सामाजिक नेता सलीम पठान ने बताया कि ताज नगर खजराना में नलों से गंदा पानी आ रहा है।



वार्ड 38 की कई गलियों में बदबूदार गंदा पानी पहुंच रहा है, लोग परेशान हैं। कई बार शिकायतें की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। पठान ने नगर निगम झोन अधिकारियों से कहा कि इस गंदे पानी की जगह वे साफ कांच जैसा पानी सप्लाई करवाए और जो पानी अभी आ रहा है उसका सैम्पल लेकर पानी की जांच करवाए।

एसटीपी के पानी को लिफ्ट कर ही कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर सकेंगे

कबीट खेड़ी एस टी पी के उपचारित जल की रिवर्स पंपिंग से कान्ह होगी प्रवाहमान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



शहर की जीवन रेखा एवं पहचान समझी जाने वाली कान्ह नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अब एकमात्र तरीका यही है कि हम सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर साफ किए गए पानी को पंपिंग करके लाए और इस नदी में छोड़ा जाएं। इस नदी में जब तक निरंतर साफ पानी नहीं छोड़ा जाएगा तब तक यह साफ पानी वाली नदी के रूप में परिवर्तित नहीं हो सकती है। अब तक इसे नदी बनाने के लिए किए गए प्रयासों की नाकामी से हमें सबक सीखना चाहिए। यह जानकारी नर्मदा कंट्रोल अथॉरिटी के सचिव एवं पूर्व अभियंता डॉ मुकेश चौहान ने कान्ह नदी को पुनर्जीवित कर, साफ एवं शुद्ध पानी की धारा बहे इस संबंध में डेवलपमेंट फाउंडेशन एवं इंडियन वाटर वर्क्स एसोसिएशन के द्वारा अभय प्रशाल में आयोजित प्रस्तुतीकरण के द्वारा दी। सांसद शंकर लालवानी, एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा बबलू ने भी उदबोधन दिए। सुनिल व्यास, डॉ. आर के माथुर, डॉ. राम गुलाम राजदान, डॉ. गोतम कोठारी, डॉ. दिलीप वाघेला, सीबी सिंह, कन्हैया आहूजा, के के सोनगरिया, प्रकाश बापना, नरेंद्र तिवारी अनिल भोजे, प्रणिता दीक्षित, शफी मोहम्मद शेख, कोमल प्रसाद, आलोक खरे आदि उपस्थित थे।

पशुपालकों को मिलेगी घर पहुंच कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा

1962 पर कॉल करते ही पहुंचेगी 'ई-मैत्री' सेवा, पशुपालकों को मिलेगी बड़ी राहत

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मध्यप्रदेश शासन द्वारा पशुपालकों को पशु प्रजनन संबंधी सेवाएं सुगमता, सुलभता एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभिनव पहल प्रारंभ की गई है। इस नवीन व्यवस्था के तहत अब पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा के लिए पशु चिकित्सा संस्थाओं तक जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पशुपालक 1962



कॉल सेंटर पर फोन कर घर बैठे ही कृत्रिम गर्भाधान की सेवा प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था के अंतर्गत प्रशिक्षित मैत्री कार्यकर्ताओं के माध्यम से पशुपालकों को घर पहुंच कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए पशुपालक 1962 कॉल सेंटर पर संपर्क कर अपनी मांग दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त मांग के आधार पर संबंधित मैत्री कार्यकर्ता पशुपालक के घर पहुंचकर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कृत्रिम गर्भाधान की सेवा प्रदान करेंगे। यह नवीन व्यवस्था पायलट परियोजना के रूप में इंदौर जिले में 25 नवंबर से प्रारंभ की गई है।



कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई शपथ

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान में निहित आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर शिवम वर्मा ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया तथा संविधान के प्रति निष्ठा, लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान और अपने संवैधानिक कर्तव्यों के पालन की शपथ दिलाई। संविधान दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार ने कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना के मूल भावों एवं आदर्शों के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों और कर्तव्यों का सम्मान करते हुए अपने शासकीय दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं ईमानदारी से निर्वहन करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

किसान मोर्चा ने सांची दूध संघ में सौंपा ज्ञापन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संयुक्त किसान मोर्चा ने कल विरोध दिवस मनाते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सांची दूध संघ अधिकारी को सौपा। दूध का भाव 12 रु. प्रति फैट करने, अहिल्यापथ योजना निरस्त करने और इंदौर को सूखाग्रस्त घोषित करने सहित स्थानीय एवं राष्ट्रीय मांगें उठाईं। किसानों की स्थानीय समस्याओं के साथ-साथ किसानों और मजदूरों की लंबित राष्ट्रीय मांगों के निराकरण की मांग की गई। सांची दूध संघ 12 रु. प्रति फैट से दूध खरीदे,



मुख्यमंत्री की घोषित 5 रु. प्रति लीटर दूध बोनस राशि का भुगतान किया जाए। आईडीए की अहिल्यापथ योजना निरस्त की जाए तथा प्रभावित किसानों की जमीनों से टीएनसी, डायवर्शन एवं अन्य प्रतिबंध हटाए जाएं। जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा हो, उनसे होने वाले नुकसान का मुआवजा दिया जाए, इन्दौर जिले को सूखाग्रस्त घोषित कर किसानों को राहत और मुआवजा दिया जाएं। नर्मदा-मालवा-गंभीर लिंक परियोजना से ग्रामीण तालाबों को जोड़कर उनमें पानी पहुंचाया जाए। किसानों के खेतों तक बारहमासी रास्तों के लिए खेत सड़क योजना शुरू की जाए।कृषि उपज मंडियों एवं सहकारी संस्थाओं के चुनाव शीघ्र कराए जाएं तथा किसानों की खाद, बीज, बिजली एवं सिंचाई संबंधी समस्याओं का निराकरण किया जाए। सहित कई मुद्दे शामिल थे। मांगों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में रामस्वरूप मंत्री, बबलू जाधव, शैलेंद्र पटेल, महेश गोड़, चंदन सिंह बड़वाया सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।



संविधान पर परिचर्चा का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। आनंद मोहन माथुर उर्दू लाइब्रेरी ,खजराना में संविधान दिवस के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। सभी ने कहा कि संविधान की रक्षा के लिए देश के हर नागरिक को आगे आना होगा। डॉ एनामुर्हमान डॉ. रामगुलाम राजदान, जावेद आलम, रमीज खान, कपिल जारवल ने सार्थक उद्बोधन दिया। शफी मो. शेख, इस्माइल खान, शाहिद खान , प्रणिता दीक्षित ने भी अपनी भूमिका निभाई।

पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया ने किया विरोध

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्राम बाग तरण पुष्कर को पीपीपी मॉडल पर देने की तैयारी के विरोध में इंदौर जिला तैराकी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। इस विरोध प्रदर्शन में दिव्यांग पद्मश्री सत्येंद्र सिंह लोहिया भी शामिल हुए। महू नाका स्थित इसी तरण पुष्कर में अभ्यास कर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने वाले लोहिया को जब पूल को पीपीपी मॉडल पर देने की जानकारी मिली तो वे भी खिलाड़ियों के समर्थन



में उतरे। इधर, तैराकी संघ ने मुख्यमंत्री, महापौर, विधायक, कलेक्टर और निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि तरण पुष्कर को ठेके पर देने के बजाय नगर निगम स्वयं संचालित करे। खिलाड़ियों को सुबह दो घंटे और शाम तीन घंटे अपने प्रशिक्षकों के साथ निःशुल्क अभ्यास की अनुमति दी जाए।

एमजीएम में दिखी प्रतिभाओं की छटा

इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के वार्षिकोत्सव में 6 दिनों तक आयोजन में प्रतिभाओं की छटा दिखाई दी। खेल, कला, साहित्य, फैशन और संगीत की गतिविधियों ने बांधा समां, विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कल आर्ट एग्जिबिशन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, डीजे नाइट और डिनर के साथ आयोजन का समापन भी हुआ। वार्षिकोत्सव के दौरान संगम, अलंकार, सृजन, आवाहन और



नवरस समितियों के माध्यम से डिबेट, क्विज, ओपन माइक, ट्रेजर हंट, मॉक पार्लियामेंट, मेहंदी, टैटू, आर्ट, कैरम और सिंगिंग जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। अनन्या गौड़, स्वप्निल गवांदे, मिष्ठी साहू, वंशिका बौरासी, हेमांग नागदा, डॉ. आदित्य लोचब, विकर्ण कोरी विजेता रहे जिन्हें पुरस्कृत भी किया गया। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने आयोजन की सफलता पर सभी फैकल्टी मेंबर्स, प्रोफेसर्स और विद्यार्थियों को बधाई दी।

डॉ. कमल हेतावल को मालव रत्न अलंकरण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवा विकास उत्सव समिति भोपाल द्वारा आयोजित 3 दिवसीय मालवा महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर के डॉ. कमल हेतावल को मालव रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया।

मालव मंथन ने किया पौधारोपण



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक चेतना के लिए समर्पित संस्था मालवमंथन द्वारा शासकीय अहिल्या आश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, महाराणा प्रताप नगर में 'भारत वाटिका' का आयोजन कर पौधारोपण किया। मुकेश शर्मा, अशोक यादव एवं विद्यार्थी, मातृशक्तियां भी मौजूद रहे।

10 वर्षीय ऐश्वर्या शर्मा हुई नामांकित



इंदौर। 10 वर्षीय छात्रा ऐश्वर्या शर्मा ने संस्कृत एवं वैदिक मंत्रों के ज्ञान में विश्व रिकॉर्ड बनाया। विगत दिनों शंकराचार्य ने रिकार्ड का प्रमाण पत्र भी दिया था। ऐश्वर्या को लंदन की ब्रिटिश संसद में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए भी नामांकित किया गया है। यह विश्व रिकॉर्ड मात्र 10 वर्ष की आयु में संस्कृत भाषा एवं प्राचीन सनातन धर्मग्रंथों के असाधारण ज्ञान, वेदों एवं श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों को समझने तथा उनका पाठ करने की विशिष्ट क्षमता के लिए प्रदान किया गया है।

साध्वी के आध्यात्मिक प्रवचन एवं अनुष्ठान में मौजूदगी



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। महासती डॉ. कुमुदलता जी महाराज आदि ठाणा 4 के पावन सानिध्य में आज छोटा बांगड़दा स्थित लीड्स प्लेटिनम पर आध्यात्मिक प्रवचन एवं अनुष्ठान आयोजित किए गए। महासती के उद्बोधन को जैन समाजजनों ने सुना। दीप्ति जैन, अध्ययन जैन, अलका जैन, डीपीन जैन, रमेश भंडारी, दिलीप लोढ़ा, आलिस जैन, रीधवी जैन, दिलीप जैन, दिलीप शर्मा मौजूद थे।



नेमा समाजजन रहे बैठक में मौजूद

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री दशा नेमा समाज सेवा कोष समिति द्वारा प्रकाशित होने वाली सामाजिक पत्रिका सर्वमंगलम के विमोचन के संबंध में समिति सदस्यों की बैठक नीमा धर्मशाला में रखी गई। पहली पत्रिका भगवान गणेश को अर्पित की गई। अनुराग नीमा, मनमोहन नीमा, राजेंद्र नीमा, मुरलीधर नीमा, दिलीप नीमा, नरेंद्र नीमा, अचल नीमा, राजेश नीमा, अजय नीमा उपस्थित थे ।

रॉबर्ट नर्सिंग होम में स्वास्थ्य सेवाओं का होगा विस्तार

16 बिस्तरीय नवीन वार्ड का किया शुभारंभ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

संभागायुक्त भास्कर लाक्षाकार की अध्यक्षता में रॉबर्ट नर्सिंग होम इंदौर की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक में अस्पताल में चल रहे रिनोवेशन कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अस्पताल के नवीन वार्ड का शुभारंभ किया। यह वार्ड 16 बिस्तरों का है और यह सुविधायुक्त है। इस वार्ड के प्रारंभ



होने से उपचार के लिए आने वाले मरीजों को लाभ मिलेगा। बैठक में संभागायुक्त श्री लाक्षाकार ने गत 22 अगस्त को हुई बैठक में लिये गये प्रस्ताव पर पुनः विचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल को जिन सेवा कार्यों से उपचार के लिए जाना जाता है। प्रबंधन समिति को चाहिए कि यहां की समस्त सुविधाएं और व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों। इसलिए प्रस्तावित अस्पताल के लिए आगामी 20 से 25 वर्षों को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर का विस्तार करने पर एकमत हो। साथ ही उन्होंने प्रस्तावित योजना में हर एक पहलू पर समिति सूक्ष्मता से अध्ययन कर रूपरेखा में शामिल करें। जिससे मरीजों को असुविधा न हो। शिफ्टिंग से पूर्व तथा बाद और इसके अलावा प्रस्तावित प्लान में फ्लोर वाइज सिस्टेमेटिक विभागों को रखने का प्रावधान आवश्यक रूप से करें। बैठक में बताया गया कि रॉबर्ट नर्सिंग होम अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार योजनाबद्ध तरीके से किया जायेगा। इसके लिये विजन प्लान बनाया जायेगा। बैठक सम्भगायुक्त भास्कर लाक्षाकार, डॉ. पूनम गडरिया, डॉ. एसएस लाल, डॉ. अशोक यादव, डॉ. वायएन यशलहा, डॉ. मुकेश खापरा, किशोर रघुवंशी, विनय झेलावत, डॉ. आर.के. माथुर, प्रदीप श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चोरमा सहित अन्य मौजूद थे।



उद्देशिका का सामूहिक वाचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। संविधान दिवस पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के पोलोग्राउंड स्थित सभागार में भारत के संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया। अन्य रीजन कार्यालयों समेत 15 जिलों के बिजली कार्यालयों में संबंधित अधिकारी की मौजूदगी में कार्मिकों ने उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया।

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम आयोजित किया गया।उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा द्वारा पीटीसी के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नव आरक्षक प्रशिक्षुओं को भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया।



सभी ने संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के आदर्शों को अपने जीवन एवं कार्यशैली में आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पीटीसी के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, अन्य अधिकारी, कर्मचारी और 79वें नव आरक्षक प्रशिक्षण सत्र के प्रशिक्षु उपस्थित रहे।



लायंस ने लगाए गायों को छप्पन भोग

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। लायंस क्लब ऑफ इंदौर यूनिक द्वारा अहिल्या माता गौशाला में गायों को 56 भोग लगाकर अपने हाथों से फल -फ्रूट सब्जियां,अनाज , रोटी, गौ ग्रास ,गुड के लड्डू एवं कई अन्य सामग्री गायों को खिलाई। इसके पूर्व गौ पूजन कर गायों को चुनरी भी ओढ़ाई और तुला दान भी किया गया। संजय लोहिया, वंदना लोहिया, संतोष गोयल, सीपी हेडा, विनिता हेडा, राधेश्याम काबरा, विनोद जोशी, श्वेता जोशी, अरुण खरैया, हरीश उप्पल, रोहण लोहिया, द्वारका गुप्ता, मोहनलाल अग्रवाल, वासुदेव मालू, पदमा काबरा, पूनम गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे। आभार विनिता हेडा ने माना।

तृतीय वार्षिक उत्सव

जैन त्रिमूर्ति मंदिर माडल सिटी में होगा आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री 1008 अजीतनाथ दिगम्बर जैन त्रिमूर्ति जिनालय माडल सिटी एरोड्रम रोड जिनालय से जुडे पूर्व पार्षद पवन जैन, गिरीश जैन ने बताया कि जिनालय के वार्षिकोत्सव स्थापना पर पं. नितिन जैन द्वारा रविवार 29 नवम्बर को जिनालय में प्रातः से अभिषेक शाति धारा, नित्य नियम पूजन, विशव शाति हेतू अजीतनाथ महामडल विधान का आयोजन होगा व शिखर पर ध्वाजारोहण किया जायेगा। बड़ी संख्या में दिगम्बर जैन समाजजन मौजूद रहेंगे।

ख़ंडेलवाल समाज द्वारा मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री खंडेलवाल समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा दीपावली मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव बायपास गार्डन में किया। भगवान श्रीनाथजी का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाए जिसके दर्शन खंडेलवाल समाजजनों ने किए। महाप्रसादी का आयोजन भी हुआ। सुशील खंडेलवाल, विनोद खंडेलवाल, सुनील गुप्ता, अशोक झालानी, मुकेश बरवाड़ा, नीलेश खंडेलवाल सहित अन्य मौजूद थे। गौरव हार्डिया, पार्षद राजीव जैन भी अतिथि के रूप में शामिल हुए।



ग्राम पंचायत धरावरा में शिविर शुरू

इन्दौर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को जिले में शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज ग्राम पंचायत धरावरा में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। एआरटी प्लस सेन्टर द्वारा एआरटी सेन्टर में सामाजिक सुरक्षा जागरूकता एवं पंजीयन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी से प्रभावित एवं एआरटी सेन्टर में उपचाररत पीएल एचआईवी एचआईवी के साथ जी रहे लोगों को शासन की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें इन योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराना था।जीशान खान, मधूसूदन अग्रवाल, श्रेया झा, शिखा मलाकार, डॉ. अशोक ठाकुर, डॉ. संजय हवलदार एवं डॉ. निशा बनजारे, राज के. प्रजापति, नवीन घोघरे, श्रुति गीते, सपना जैन, मधुबाला वर्मा, मीना गोठवाल, प्रखर महाजन, धर्मेंद्र पाठक सहित अन्य मौजूद थे।





अलहिरा में संविधान दिवस

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अल-हिरा पब्लिक स्कूल, चन्दन नगर में संविधान दिवस पर 'हमारा संविधान – हमारी पहचान' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में वरिष्ठ गांधीवादी विचारक, शोधकर्ता, लेखक एवं कला समीक्षक चिन्मय मिश्र विद्यार्थियों से रूबरू हुए। याकूब मेमन, अंजुम पारेख, महक शेख ने अपनी भूमिका निभाई।

स्कूल में पौधा वितरण एवं रोपण

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। शासकीय माध्यमिक विद्यालय, खुड़ैल में पौधा वितरण एवं शिक्षक विद्यार्थियों की मौजूदगी में पौधारोपण का आयोजन किया। इन पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी लिया। पंकज नीरज, पल्लवी तिवारी, नंदा कश्यप, राधा पाटिल ज्ञानिलाल एंथनी, नीलू सिंह मौजूद थे।

बालिकाओं को भेंट किए उपहार

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। अग्रवाल कन्या पाठशाला छावनी की 250 बालिकाओं को शीतकाल में स्वेटर एवं अन्य उपहार भेंट किए गए। अरविन्द बागडी, मृदुल अग्रवाल, वासुदेव मूंदडा, रमेश गुप्ता, शैलेष गर्ग, दीपक गुप्ता मोंटी, भगवानदास, दिलीप, पवन गुप्ता, रमेश गर्ग, मोहन अग्रवाल, राजेश कुंजीलाल गोयल, संजय गोयल, मुकेश मंगल, पूनम गर्ग, नंदकिशोर कंदोई, स्वाति गुप्ता, हेमंत अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।





हंसराज जैन को श्रद्धासुमन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। श्री अबुर्द गिरिराज जैन श्वेताम्बर उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार ने समाजसेवी हंसराज जैन के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनीष सुराणा, शेखर गेलडा, प्रकाश गेलडा, दिलीप सी जैन, सुधीर सेठिया, राजकुमार सुराणा, पारसमल बोहरा,चन्द्रप्रकाश चोरड़िया,गिरीश सिंघवी सहित अन्य मौजूद थे।

हितचिंतक बनाए गए

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विहिप द्वारका जिला द्वारा हित चिंतक अभियान के निमित्त राजवाड़ा पैलेस पर सम्पर्क अभियान चलाकर हित चिंतक बनाए गए और अभियान के बारे में लोगों को जानकारी दी गई।

मैथिल समाज की महिलाओं ने की भाइयों के लिए कामना





इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मेघदूत गार्डन में मिथिलांचल के पारंपरिक लोकपर्व सामा-चकेवा की जीवंत झलक सामा-चकेवा महोत्सव में देखने को मिली। सखी बहिनपा मैथिलानी समूह' मैथिल समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी समृद्ध लोक-संस्कृति को साकार कर दिया। आयोजन के दौरान महिलाओं ने सामूहिक रूप से मिट्टी से सामा-चकेवा की प्रतिमाएं गढ़ीं और उन्हें बांस के डाले में सजाकर विधि-विधान से पूजन किया। पारंपरिक मैथिली गीतों की स्वरलहरियों के बीच सामा के प्रतीक को एक-दूसरे के हाथों में सौंपते हुए प्रतीकात्मक रूप से 'चुगला' और 'वृंदावन' का दहन किया गया। ऋतु झा, शारदा झा, श्वेता मिश्रा सहित अन्य महिलाएं मौजूद थी।



पंडित की बायोग्राफी सहित दो पुस्तकों का विमोचन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। डॉ. शरद पंडित के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दो पुस्तकों 'मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया', 'आर्टफिशियल इन्टेलिजेन्स इन हेल्थकेयर एंड बायोमेडिकल एप्लिकेशन: इंडियन पर्सपेक्टिव' का विमोचन हुआ। डॉ. शरद पण्डित, संजय पटेल, डॉ. के.के. पुराणिक, अरुणा शर्मा, डॉ. बीपी पांडे, अजय शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

बटुक भैरव के पूजन सहित विभिन्न अनुष्ठान होंगे

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। बिजासन मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में मंगलवार 1 दिसम्बर को महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य एवं आश्रम के 21 आचार्यों के निर्देशन में बटुक भैरव अष्टमी पर विभिन्न अनुष्ठान होंगे। सुबह 10 बजे रूद्राभिषेक, शोडषोपचार पूजन एवं गो दुग्ध से अभिषेक तथा संध्या को 5 बजे 56 भोग समर्पित कर पुष्प बंगला सजाया जाएगा और महाआरती होगी। बटुक भैरव के साथ शीतलामाता और मां अन्नपूर्णा का पूजन भी किया जाएगा। बटुक भैरव अष्टमी पर सुबह से शाम तक विभिन्न अनुष्ठान होंगे। शाम को सुंदरकांड का पाठ भी होगा।

मूसाखेड़ी ब्रिज निर्माण में अधूरी सर्विस रोड की अनदेखी पड़ रही है भारी

लंबे समय से खुदाई कर छोड़ रखा है बड़ा हिस्सा

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मूसाखेड़ी रिंग रोड चौराहे पर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य में मेडिस्टा हॉस्पिटल वाली लाइन में अधूरी सर्विस रोड़ की लंबे समय से अनदेखी भारी पड़ रही है। हालात यह है कि पिंक सिटी रिंगरोड से तीन इमली सर्विस रोड़ की ओर से आने वाले वाहन चालक संकरी रोड के पास खुदाई के कारण परेशान हो रहे हैं।

दूसरी तरफ मेडिस्टा हॉस्पिटल के पीछे से नेमावर रोड़ की ओर से आने वाले वाहन चालकों के आपस में गुत्थम - गुत्था होने से यहां श्रीकृष्ण नगर मेनरोड के सामने वाले मुख्य प्वाइंट पर सुबह - शाम भारी जाम की स्थिति रांग साइड आने वाले वाहन चालकों के कारण बन रही है। बावजूद इसके ब्रिज निर्माण करने वाली एमपी आरडीसी विभाग द्वारा निर्माण कार्य के लिए अधिकृत ठेकेदार कंपनी के द्वारा सर्विस रोड निर्माण की लंबे समय से अनदेखी की जा रही है।



इधर,पीटीएस से जुड़ी रोड पर आधी से ज्यादा सर्विस रोड तैयार

जबकि दूसरी तरफ पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय पीटीएस रोड़ से जुड़ी सर्विस रोड़ का निर्माण कार्य कुछ समय पहले शुरू किया गया था। जिसका आधे से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। लेकिन इसके बाद के हिस्से में बाधक धर्मस्थल और सुलभ शौचालय हटाने के बावजूद दोबारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है।

सबसे बड़ी चुनौती बाधक नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग

जबकि अब इस हिस्से में ज्यादा दिक्कत नहीं है। केवल यहां से गुजर रही बड़ी नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग ही बड़ी चुनौती बनी है। इसके अलावा बाधक धर्मस्थल हटने से सर्विस रोड़ निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने में बड़ी राहत मिली है। बताया जा रहा है कि जहां से सुलभ शौचालय हटाया गया है उस हिस्से के पास सर्विस रोड बनाने का काम शुरू करने की तैयारी है। इसके बाद जहां से बाधक धर्म स्थल हटाया गया है वहां नर्मदा लाइन शिफ्टिंग के बाद उस हिस्से में भी जल्द सर्विस रोड निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।वहीं अब इस हिस्से में सबसे बड़ी बाधा और चुनौती बाधक नर्मदा लाइन की शिफ्टिंग है। इसके अलावा सभी धार्मिक स्थान मंदिरों को ब्रिज के बोगदो में व्यवस्थित विधि -विधान के साथ मंदिर नुमा प्लेटफार्म बनाकर शिफ्टिंग कर दिया गया है।

गोमा की फेल बस्ती में मिलेगी नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात

लंबे समय से स्कूल प्रबन्धन और छात्र कर रहे थे नई स्कूल इमारत की मांग



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। विधानसभा पांच के वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत गोमा फेल बस्ती में अब आने वाले नवीन शिक्षा सत्र से पहले छात्रों को नई स्कूल बिल्डिंग की सौगात मिलने वाली है जिसको लेकर स्कूल प्रबंधन के साथ बस्ती क्षेत्र के छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा लंबे समय से नई स्कूल बिल्डिंग बनाने की मांग की जा रही थी। वहीं अब क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़िया और विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से क्षेत्र के रहवासियों और छात्रों को नए स्कूल भवन की सौगात मिलने वाली है। जिसके निर्माण को लेकर अब निविदा संबंधित प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में बेहद जल्द टैंडर संबंधित तमाम प्रोसेस और प्रक्रिया पूरी होते ही आने वाले नए साल में बेहद जल्द निर्माण कार्य भी शुरू करने की तैयारी है। जिसका फायदा भविष्य में छात्रों को मिलने वाला है।

60 लाख से ज्यादा खर्चकर शुरू होगा नई बिल्डिंग निर्माण कार्य

क्षेत्रीय पार्षद नंदू पहाड़िया ने बताया कि लंबे समय से गोमा की फेल बस्ती क्षेत्र में बच्चों के लिए सालों पुराने जर्जर स्कूल भवन के बजाय विधायक हार्डिया और महापौर भार्गव के प्रयासों से नए शासकीय प्राइमरी स्कूल भवन के निर्माण के लिए करीब 60 लाख रुपए से ज्यादा की लागत वाले बजट की मंजूरी मिलने के बाद अब निगम द्वारा इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। पहाड़ियां ने बताया अब निविदा संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसी साल पुराने स्कूल भवन को ध्वस्त कर नए भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाएंगे। जिसका फायदा वार्ड के बस्ती क्षेत्र के मध्यमवर्गीय रहवासी परिवारों को मिलेगा ताकि उनके बच्चें महंगे निजी स्कूल की बजाय क्षेत्र के सरकारी स्कूल में कम फीस में बेहतर और आधुनिक शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। जिसके लिए अब आने वाले दिनों में गोमा फेल की बस्ती क्षेत्र में जल्द नई आधुनिक स्कूल बिल्डिंग का निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। जिसका फायदा बस्ती क्षेत्र के छात्रों को आने वाले नए शिक्षा सत्र से मिलेगा।



ग्रामीणों की मांग पर सालों पुराने रोड निर्माण की मिलेगी सौगात

गोगाखेड़ी से धतुरिया रोड का निर्माण 3:30 करोड़ लागत से इसी साल शुरू करने की तैयारी

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। सांवेर विधानसभा के हजारों ग्रामीण परिवारों की मांग पर सालों पुराने मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण और निर्माण कार्य की सौगात क्षेत्र के ग्रामीणों को इसी साल मिलने वाली है। जिसको लेकर लोक निर्माण विभाग ने अपनी ओर से तमाम तैयारियां शुरू कर दी है। कहा जा रहा है कि कि अगले माह गोगा खेड़ी से धतुरिया रोड का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। खास बात यह की इस ग्रामीण सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा लगभग 3:30 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिसका लाभ क्षेत्र के हजारों ग्रामीण रहवासियों को मिलेगा। यही नहीं इसके अलावा इस मार्ग से रात दिन गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को भी सड़क चौड़ीकरण और नई सड़क निर्माण का लाभ मिलेगा।

मालवामिल क्षेत्र और न्यू देवास रोड पर बिजली विभाग बदलेगा पुराने बिजली के तार



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। मालवामिल क्षेत्र में न्यू देवास रोड़ के साथ पंचम की फैल और विभिन्न स्थानों पर सालों बाद पुरानी बिजली के तार हटाकर इसकी जगह बिजली विभाग नई बिजली की केबल बदलने का काम शुरू करेगा। जिसके तहत बिजली विभाग के द्वारा लगभग एक किलो मीटर लंबे क्षेत्र में सालों पुराने खराब कंडक्टर और केबल बदलकर इसकी जगह लाखों रुपए खर्चकर नई केबल बदलने का काम शुरू करने की तैयारी है।जिसको लेकर बिजली विभाग के द्वारा लंबे समय से तैयारी की जा रही थी। वहीं अब विभाग के द्वारा काम शुरू करने की तैयारी है। **सालों पुराने तार से मिलेंगी मुक्ति, पूरे क्षेत्र की बदलेंगी केबल-** सालों पुराने बिजली के तार बदलकर क्षेत्र की खराब कंडक्टर बदलकर बिजली विभाग के द्वारा नई केबल बदलने का काम आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू किया जाएगा। जिसको लेकर बिजली विभाग निविदा संबंधित प्रक्रिया शुरू कर जल्द काम भी शुरू करेगा। जिसका फायदा मालवामिल क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले नए साल में जल्द मिलेगा। जिसको लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी है।

श्री अहिल्या सेंट्रल लायब्रेरी का विस्तार कार्य जल्द शुरू करेगा आईडीए



इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। रीगल स्क्वेयर के पास गांधी चौक पर स्थित श्री अहिल्या सेंट्रल लायब्रेरी का नव निर्माण और विस्तार कार्य भी अब इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) आने वाले दिनों में बेहद जल्द शुरू करने जा रहा है। जिसको लेकर आइडीए द्वारा पिछले दिनों टेंडर संबंधित प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। वहीं अब कहा जा रहा है कि इसी माह में बेहद जल्द यहां सालों पुरानी सेंट्रल लाइब्रेरी का विस्तार और नवनिर्माण कार्य योजना के अंतर्गत अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाएगा। जहां यहां आने वाले छात्र-छात्राओं को पहले से ज्यादा पुस्तकों का भंडार नजर आएगा। जिसको लेकर आइडीए द्वारा विभागीय तैयारी शुरू हो गई है। अहिल्या माता के नाम की पुरानी सेंट्रल लाइब्रेरी का विस्तार कर यहां अतिरिक्त कमरों का निर्माण कर लाइब्रेरी का विस्तार किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग यहां आकर अपनी पसंद की पुस्तकों का अध्ययन व्यवस्थित ढंग से बैठकर कर सकेंगे।

संपादकीय

जम्मू-कश्मीर में आतंकी नेटवर्कः दो-तीन दशक बाद खुली फाइलें, सुरक्षा और जवाबदेही की परीक्षा

जम्मू-कश्मीर डीजीपी के रियासी से सीमा पार गए 30 लोगों के खुलासे के बाद संपत्ति कुर्की से आगे बढ़कर खुफिया चूक की समीक्षा और आंतरिक सुरक्षा पर जवाबदेही तय करना ज़रूरी है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी का यह खुलासा चौंकाने से ज्यादा एक असुविधाजनक स्थिति पैदा करता है कि राज्य में रियासी के माहौर और चसाना इलाकों के तीस लोग 1991 से 2003 के बीच सीमा पार चले गए और पाकिस्तान में बैठकर हिजबुल के लिए हथियार, पैसा और कट्टरता का जाल बुन रहे हैं। पुलिस आज सब जानने का दावा कर सकती है, लेकिन आतंक के इस जाल का पता चलने में उसे दो-तीन दशक लग गए। प्राथमिकी 2024 में दर्ज हुई, कुर्की किस्तों में हो रही है। सवाल है, जब ये लापता हुए, तब सेना, पुलिस और खुफिया एजंसियां कहां थीं? जमीन बेचकर आतंक का ढांचा खड़ा करने का खर्च जुटाने की कोशिश कैसे चलती रही? अतीत की चूक अलग-अलग सरकारों के खाते में जाएगी, पर ताजा जवाबदेही मौजूदा सत्ता की है, जिसने अनुच्छेद 370 हटाने और राज्य का दर्जा छीनने के समय आतंकवाद के खात्मे का वादा किया था। रक्षा मंत्री से लेकर सुरक्षा एजंसियों द्वारा सब सामान्य होने की घोषणाएं की जाती रहीं, और हर घोषणा के कुछ ही दिन बाद हुए आतंकी हमले उसे झुठलाते रहे। पहलगाम के बाद उच्च सुरक्षा चेतावनी के बावजूद दस दिन में दो हमले हुए। नवंबर में किश्तवाड़ और कुलगाम दहले। उधर, जम्मू कश्मीर सरकार का कहना है कि अगर आतंकवाद कुचला जा चुका है, तो ये आतंकी कहां से आ रहे हैं! विडंबना यह कि कानून-व्यवस्था की जवाबदेही केंद्रीय गृह मंत्रालय की है। दावे किए जाते हैं कि स्थानीय भर्ती घटी है, जबकि डीजीपी खुद मानते हैं कि सीमा पार बैठे ये लोग स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथ की ओर धकेल रहे हैं। दोनों दावे अगर समांतर हों, तो इसे कैसे देखा जाएगा? दूसरी ओर, खुफिया तंत्र की रीढ़ रहे कुछ स्थानीय समुदायों से बढ़ती अविश्वास की खाई चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का साथ लेकर ही आतंकरोधी ढांचे को मजबूत किया जा सकता है। संपत्ति कुर्की (2025 में 155, इस साल 122) आतंक के जाल की विशालता बताती है। मगर यह कार्रवाई प्रतिक्रियात्मक है, समस्या के ठोस हल की नहीं। हिंसा में कमी उपलब्धि है, पर वह जवाबदेही से बचने की ढाल नहीं बन सकती। आंकड़ों और भाषणों से आगे बढ़कर खुफिया चूकों की स्वतंत्र समीक्षा करने और आंतरिक सुरक्षा पर संसद में श्वेत-पत्र रखने की जरूरत है। देश के किसी भी इलाके में शराब बिक्री की व्यवस्था को नियमित और नियंत्रित तरीके से चलाने के दावे करने में सरकार की ओर से कोई कमी नहीं की जाती, लेकिन इसकी हकीकत अक्सर सामने आती है, जब जहरीली शराब के सेवन की वजह से लोगों के मरने की खबरें आती हैं।

गोदाम से 14 बकरा-बकरी चोरी, केस दर्ज

इंदौर। राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र स्थित निहालपुर मुंडी इलाके में एक गोदाम से 14 बकरा-बकरियों की चोरी का मामला सामने आया है। अज्ञात चोर गोदाम में रखे बड़े बकरे, बड़ी बकरियां और नर बच्चे समेटकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

राजेन्द्र नगर पुलिस के अनुसार, होली चौक निहालपुर मुंडी निवासी फरियादी धर्मेन्द्र चौहान पिता तेजराम चौहान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि निहालपुर मुंडी स्थित रॉयल ग्रीन कॉलोनी के सामने उनका गोदाम है। फरियादी ने बताया कि गोदाम से कुल 14 बकरा-बकरियां गायब पाई गईं, जिनमें 4 बड़े बकरे, 6 बड़ी बकरियां और 4 नर बच्चे शामिल हैं। फरियादी का कहना है कि अज्ञात बदमाशों ने गोदाम से सभी 14 बकरा-बकरियों को चुरा लिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजेन्द्र नगर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है और आसपास के क्षेत्रों में संदिग्धों व चोरों की तलाश की जा रही है।

घर में चोरी करने घुसा युवक रंगेहाथ पकड़ाया

पड़ोसियों ने किया पुलिस के हवाले

इंदौर। रावजी बाजार थाना क्षेत्र स्थित चंद्रभागा मेन रोड पर चोरी के इरादे से घर में घुसे एक युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी अपना ठेला बाहर खड़ा कर भीतर दाखिल हुआ था, जिसे पड़ोसियों की मदद से पकड़कर थाने लाया गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। रावजी बाजार पुलिस के अनुसार, चंद्रभागा मेन रोड निवासी फरियादी मनीष पिता प्रकाश चंद्र वर्मा को सूचना मिली थी कि कोई व्यक्ति बाहर ठेला खड़ा करके उनके घर में चोरी की नियत से घुसा है, जिसे घर के भीतर ही पकड़ लिया गया है और थाने ले जाया जा रहा है। कुछ ही देर में फरियादी के पड़ोस में रहने वाली पायल जोशी और उसका भाई अक्षत जोशी पकड़े गए युवक को लेकर थाने पहुंचे। थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम अजय पिता मना तायडे, निवासी गौमटगिरी, गांधी नगर बताया। फरियादी मनीष वर्मा की रिपोर्ट पर रावजी बाजार पुलिस ने आरोपी अजय तायडे के विरुद्ध चोरी के प्रयास सहित संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

लाखों के सोने-चांदी व डायमंड के जेवर चोरी

नौकरानी पर संदेह, होगी पूछताछ

इंदौर। अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र स्थित सुदामा नगर में एक मकान की अलमारी से लाखों रुपए मूल्य के सोने, चांदी और डायमंड के जेवर चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित गृहस्वामी की शिकायत पर पुलिस ने घर में काम करने वाली संदेही नौकरानी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अन्नपूर्णा पुलिस के अनुसार, सुदामा नगर निवासी फरियादी सुनीलपिता लक्ष्मीनारायण सोनी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी अलमारी में रखे इस्तेमाल किए जाने वाले सोने-चांदी के जेवरात गायब हैं। चोरी गए सामान में सोने का हार, 4 अंगूठियां, 3 जोड़ टॉप्स, 4 चूड़ियां, मंगलसूत्र, लौंग-नथ, डायमंड की 2 अंगूठियां, सोने का पेंडल और चांदी की बिछिया शामिल हैं।?फरियादी ने पुलिस को बताया कि उन्हें घर में काम करने वाली नौकरानी पिंकी पर जेवर चुराने का पूरा संदेह है। पुलिस ने फरियादी के बयान के आधार पर संदेही नौकरानी पिंकी के खिलाफ मामला दर्ज कर उससे पूछताछ और चोरी गए मशरूका की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

बुजुर्ग से 1.23 लाख की साइबर ठगी

गैस कनेक्शन काटने का डर दिखाकर की वारदात

इंदौर। राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में गैस कनेक्शन काटने का झांसा देकर एक बुजुर्ग से सवा लाख रुपए से अधिक की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात शातिर ठग ने पीड़ित को अपनी बातों में उलझाकर कुल 1,23,061 रुपए की चपत लगा दी।

राजेन्द्र नगर पुलिस के अनुसार, धनवंतरी नगर स्थित मोरीमणी अपार्टमेंट निवासी फरियादी सुनील कुमार जैन पिता सुरेन्द्र कुमार जैन (67) ने थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और कहा कि उनका गैस कनेक्शन कटने वाला है। ठग ने गैस कनेक्शन जारी रखने का झांसा देकर फरियादी को छलपूर्वक अपने जाल में फंसाया और उनसे ऑनलाइन माध्यम से कुल 1,23,061 रुपए ट्रांसफर करवा लिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ ऑनलाइन फ्रॉड का प्रकरण दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

एमडी ड्रग्स मामले में 10 हजार का इनामी फरार आरोपी देवास से पकड़ाया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

क्राइम ब्रांच ने 23.73 ग्राम एमडी ड्रग्स तस्करी के पुराने मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी देवास का रहने वाला है और ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़ा हुआ था। इस गिरफ्तारी के साथ ही इस प्रकरण में पकड़े गए आरोपियों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, 30 जून को स्कीम नंबर 134 स्थित दस्तूर डिलाइट गार्डन के पीछे घेराबंदी कर ब्लैक एंड व्हाइट महिंद्रा थार कार से चार आरोपियों फरहान शेख निवासी खिजराबाद जम-जम



कॉलोनी, अतीक उर्फ तौफीक खान उर्फ मोहम्मद तौकीद निवासी जूना रिसाला, अमान उर्फ फैजान खान निवासी बड़वाली चौकी जूना रिसाला और फरहान खान निवासी जूना रिसाला को पकड़ा गया था। उनके पास से 23.73 ग्राम एमडी ड्रग्स कीमत करीब 2.30 लाख रुपए और करीब 19 लाख रुपए की थार गाड़ी जब्त की गई थी, जिससे करीब 21.30 लाख रुपए आंका गया था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और बैकवर्ड ट्रेसिंग के दौरान इस तस्करी व सप्लाई नेटवर्क में जिला देवास निवासी अमन पटेल की भूमिका सामने आई, जो घटना के बाद से फरार था और उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से क्राइम ब्रांच ने अमन पटेल को दबोच लिया। आरोपी 12वीं पास है और वर्तमान में अलमारी फर्नीचर का काम करता है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 का इजाफा कर उसे गिरफ्तार किया है तथा ड्रग्स की मूल सप्लाई चेन और अन्य संपर्कों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

सोना-चांदी के आज के भाव



गोल्ड कैश	एमसीएक्स
126800	127200
सिल्वर कैश	**एमसीएक्स**
155000	151300

फिजिकल भाव शाम को ओपन होगा ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

टैक्सी चालक पर डंडे से हमला कर सिर फोड़ा

एयरपोर्ट पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित इंदौर एयरपोर्ट पार्किंग के पास गाड़ियाँ खड़ी करने की बात को लेकर हुए विवाद में एक टैक्सी चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए चालक के सिर पर लकड़ी के डंडे से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

एरोड्रम पुलिस के अनुसार, जूना रिसाला निवासी फरियादी अभिषेक पिता किशोरसिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई है कि वह शाम करीब 6 बजे भोपाल से सवारी लेकर आया था और एयरपोर्ट गेट की पार्किंग के पास खड़ा हुआ था। इसी दौरान वहां पहले से गाड़ियों की पार्किंग के पास मौजूद आरोपी सौरभ निवासी गांधी नगर ने अभिषेक को फोन करके अपने पास बुलाया। आरोपी सौरभ पार्किंग की बात को लेकर फरियादी के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब फरियादी ने इसका विरोध किया, तो सौरभ और उसके अन्य साथियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी सौरभ ने पास में पड़ा लकड़ी का डंडा उठाकर अभिषेक के सिर पर मार दिया, जिससे उसके सिर से खून निकलने लगा। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी सौरभ व उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सोना-चांदी की चमक तभी कारोबार को रोशन करेगी जब भाव के साथ बाजार में स्थिरता भी होगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

गोल्ड गिरवी के मामलों की उलझन, व्यापार जगत में बढ़ता तनाव भरोसे और पारदर्शिता की कसौटी पर सराफा कारोबार-अक्षय जैन

सोना-चांदी भारतीय समाज में केवल आभूषण या निवेश का माध्यम नहीं, बल्कि परिवारों की बचत, मुश्किल वक्त का सहारा और व्यापारिक लेन-देन की मजबूत कड़ी भी है। लेकिन बदलते दौर में सोने-चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव के साथ गोल्ड गिरवी के मामलों की बढ़ती उलझन व्यापार जगत के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। सोने के भाव में तेजी आती है तो गिरवी रखे गए सोने की कीमत और कर्ज का गणित बदलता है। वहीं भाव में अचानक गिरावट आने पर गिरवी रखने वाले और कर्ज देने वाले, दोनों के सामने जोखिम खड़ा हो जाता है। इस बीच यदि समय पर भुगतान, ब्याज, नीलामी, सोने की शुद्धता और गिरवी की शर्तों को लेकर विवाद सामने आते हैं तो मामला केवल दो पक्षों के बीच नहीं रहता, बल्कि पूरे व्यापारिक वातावरण में अविश्वास पैदा करता है।

सबसे बड़ी चिंता उन मामलों को लेकर है, जहां आर्थिक मजबूरी में परिवार अपना सोना गिरवी रखते हैं। कई बार कर्ज चुकाने में देरी, ब्याज का बढ़ता बोझ या शर्तों की सही जानकारी नहीं होने से परिवारों की वर्षों की जमा पूंजी संकट में पड़ जाती है। दूसरी ओर कर्ज देने वाले कारोबारियों और संस्थानों की भी अपनी व्यावसायिक मजबूरियां और वित्तीय जोखिम हैं। ऐसे में दोनों पक्षों के हितों का संतुलन जरूरी है। व्यापार जगत में एक और सवाल महत्वपूर्ण है कि गिरवी रखे गए सोने की शुद्धता, वजन, मूल्यांकन, दस्तावेज और भुगतान की प्रक्रिया कितनी पारदर्शी है? ग्राहक को शुरुआत में ही ब्याज दर, अतिरिक्त शुल्क, भुगतान की समयसीमा और नीलामी की शर्तों की स्पष्ट जानकारी मिलनी चाहिए। विवाद की स्थिति में शिकायत निवारण की निष्पक्ष व्यवस्था भी जरूरी है।

यह भी समझना होगा कि सोने के भाव में तेजी को देखकर जरूरत से ज्यादा कर्ज देना या बाजार की गिरावट में जल्दबाजी में नीलामी करना किसी के हित में नहीं है। कारोबार विश्वास से चलता है, दबाव और अस्पष्टता से नहीं। प्रशासन और संबंधित वित्तीय नियामकों को भी गोल्ड लोन से जुड़े नियमों के पालन, मूल्यांकन प्रक्रिया और शिकायतों की निगरानी पर ध्यान देना चाहिए। अवैध साहूकारी और नियमों से बाहर चलने वाली गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण जरूरी है। सोना-चांदी की चमक तभी कारोबार को रोशन करेगी, जब भाव के साथ बाजार में स्थिरता भी होगी। व्यापार की असली पूंजी केवल सोना नहीं, बल्कि साख और भरोसा है। ग्राहक की मजबूरी किसी के लिए मुनाफे का अवसर न बने और व्यापारी की पूंजी भी असुरक्षित न रहे। यही संतुलन सराफा कारोबार और व्यापार जगत दोनों के भविष्य के लिए जरूरी है।

कीर्तन व विधि को जिला एवं शिवम व मलक को कार्पोरेशन योग टीम की कमान

इंदौर। मध्यप्रदेश योगा एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन संभागीय योग स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 28 व 29 नवंबर को द वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल, खाचरोद में आयोजित होने वाली 44वी मध्यप्रदेश स्टेट योगा चैंपियनशिप में भाग लेने वाली इंदौर जिला व इंदौर कार्पोरेशन योग टीम की घोषणा क्रमशः जिला व कार्पोरेशन योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनारायण यादव एवं ईश्वर बाहेती ने की। जिला एवं कार्पोरेशन बालक व बालिका टीम का नेतृत्व क्रमशः कीर्तन गहलोत व विधि चौहान एवं शिवम चौधरी व मलक शाह करेंगे।






जिला बालक टीम- कीर्तन गहलोत (कप्तान),वर्दान बाहेती, विवान पांडे, शिवाय जोशी, रेयांश बैरागी, वंश बबुदकर,आरव सोनी, चित्रांश काशिव,लव बोर्डिया, अतुलित मिश्रा,रेयांशअग्रवाल, हितांश पटेल,यश सोंधिया,आराध्या कुमावत,अर्नव निगम, दिव्यांश वर्मा, लव मनावरे, धैर्य पाटीदार, अंश रघुवंशी,विनय मनावरे, पीयूष तराज,देव्यांश वर्मा, मयूर कुशवाह,प्रिंस मनावरे, पार्थ वर्मा,अनुज सुनेर, शुभम तराज,आदित्य राज सोनी

बालिका टीम- विधि चौहान (कप्तान), देवांशी प्रजापत, अयांशी परसरामपुरिया,सबीरा शेख, आश्वी सिंह, मिश्का तिवारी, जिनल रावत, सिद्धविका पाटीदार, राजनंदनी राठौर, माही सिसोदिया, हरिप्रिया दुबे, अद्विका परसरामपुरिया, मिशिका जैन, महिका सिसोदिया, तशफा खान, आरुषि भदोरिया, द्रष्टी पचौरी, लक्षिता अचारिया, निष्ठा गौड, याशिका जैन, वर्निका सेन, देवीशी गुप्ता, श्रेया शर्मा, सारिका वर्मा, अनीशा कपासिया, नेहा गोरले,रिया चौहान। जिला बालक व बालिका टीम के कोच क्रमशः अभिषेक पांडे व विनीत तिवारी एवं मैनेजर उषा गुप्ता होंगे।

कार्पोरेशन बालक टीम- शिवम चौधरी (कप्तान),विराज गरजे, वीर गुप्ता, अद्विक सेन, ईशान गेहलोद,दक्ष पवार, मुदित पंडित,एकाग्र सोलंकी, अथर्व सिंह कुशवाह, सौम्य गौर

बालिका टीम- मलक शाह (कप्तान),अराध्या सोनी,हर्षाली पांडे,आरोही कन्नौजिया,तनिशी यादव ,कायनात हरयानी,कियाना वशिष्ठ ,प्रार्थना वलेचा,सुहाना विश्वकर्मा,गुंजन धनजे,काव्या भट्ट,अंकिता चौहान,अंशिका बच्चानी,रेवा अग्निहोत्री। कार्पोरेशन बालक व बालिका टीम के कोच क्रमशः अतुल दुबे व मीनाक्षी गुप्ता एवं मैनेजर गिरिराज सिंह होंगे।

देव्ज एकेडमी की विराट जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत देव्ज एकेडमी एवं सीसीआय के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में 9 विकेट खोकर 314 रन बनाये। सौम्य पाटीदार ने आक्रामक 114 रन13 चैके 7 छक्के एवे शिवम कलवानी ने नाबाद 46 रन बनाये। खुशाल राजपुत ने 3 विकेट लिये। जवाब में सीसीआय की टीम 24 ओवरो में 252 रनों पर सिमट गई और यह मैच 163 रनों के विशाल अंतर से हार गई । दिव्यांश तोमर ने 5 विकेट एवं सौम्य पाटीदार ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिये।




इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एसवीसीए एवं महू स्पोर्ट्स के मध्य खेला गया जिसमें एसवीसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 7 विकेट खोकर 270 रन बनाये। जतिन लोधवाल ने 64 रन बनाये।प्रिंस बफार्म ने 4 हिवकेट लिये। जवाब में महू स्पोर्ट्स की टीम 23 ओवरो में 72 रनों पर सिमट गई और यह मैच 198 रनो के विशाल अंतर से हार गई । शिव तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 रन देकर 6 विकेट लिये।



सत्यसाईं चौराहा और देवास नाका दोनों को नए साल में मिल पाएगी सौगात

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। इंदौर में एबी रोड पर हजारों वाहन चालकों को आने वाले दिनों में संभवतः अगले साल से ट्रैफिक जाम से बड़ी राहत देने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से निर्माणधीन दोनों फ्लाई ओवर निर्माण कार्य की वर्तमान में काम की बेहद धीमी रफ्तार है। जिसको देखते हुए कहा जा रहा है कि अब लोगों को दोनों नए ब्रिज की सौगात इस साल की बजाय अगले साल ही मिलने के आसार है। हालांकि वर्तमान में सत्य साईं चौराहा से ज्यादा देवास नाका चौराहा पर बन रहा फ्लाईओवर निर्माण का कार्य ज्यादा तेजी से चल रहा है। लेकिन अब इस साल की बजाय एबी रोड़ पर जाम से राहत के लिए बन रहे करोड़ों रुपए की लागत से दोनों ब्रिज निर्माण के लिए बाहर से मंगाई गई आधुनिक मशीनों गर्डर स्पान चढ़ाने का काम इन दिनों दिन-रात तेजी के साथ चल रहा है। जिसके तहत एमपी आरडीसी के प्रोजेक्ट से जुड़े अफसर भले ही यह दावा कर रहें है कि डेढ़ से दो माह में इसी साल दिसंबर अंत तक ब्रिज निर्माण का काम हर हाल में पूरा करवाने के हमारे प्रयास रहेंगे। लेकिन अभी कई काम बाकी है अभी आधी गर्डर लांच होना बाकी है। यही नहीं दोनों ब्रिज के कई छोटे बड़े काम होने बाकी है। जिससे दोनों चौराहे पर अब अगले साल ही फ्लाई ओवर निर्माण कार्य पूरा होने के आसार है।

जबकि देवासनाका से सत्यसाईं की ओर एक भुजा की उतार वाली सड़क निर्माण का कार्य तेजी के साथ पूरा होने लगा है। वहीं बड़े हिस्से में दोनों तरफ पिलर बनाने का काम पहले से तेजी के साथ चल रहा है। यही नहीं अब बीच के बड़े हिस्से में दोनों तरफ गुजरात से मंगवाई करोड़ों रुपए लागत वाली नई आधुनिक बड़ी मशीनों से ब्रिज निर्माण कार्य नई तकनीक से पहले से दोगुनी तेजी के साथ किया जा रहा है। यही नहीं बड़े हिस्से में विजय नगर वाली साइड भुजा के उतार वाले हिस्से में सड़क निर्माण का काम ने भी भले ही रफ्तार पकड़ ली हो, लेकिन बावजूद इसके इस साल अंत तक भी निर्माण कार्य पूरा होने के आसार नजर नहीं आ रहें है। कहां जा रहा है क्या अगले साल की शुरुआत में जनवरी-फरवरी के आसपास तक भले ही काम पूरा हो सकता है। लेकिन इस साल दिसंबर अंत तक पूरा होने के आसार नहीं है क्योंकि अभी कई काम बाकी है।

जाहिर सूचना

मकान विक्रय करने के विज्ञापन का खण्डन

सर्वसाधारण को मेरे पक्षकार महेश कसेरा पिता स्व. सत्यनारायण कसेरा, 79 मल्हार पल्टन इन्दौर की जानकारी पर अगाह किया जाता है कि दैनिक अग्निबाण समाचार पत्र दिनांक 11.11.2026 के पृष्ठ क्र. 16 पर गिरधर कसेरा 21 नंदलालपुरा इन्दौर द्वारा मकान नंबर 78 मल्हार पल्टन इन्दौर का दो मंजिल भवन जिसकी साईज 9.5 बाय 35 वर्गफीट को बेचने करने बाबद जो सूचना जारी करवाई गई है वह स्पष्टतः धोखाधडी, फर्जीवाडा व धारा 420 दप्रसं. के तहत गंभीर अपराध तो है ही साथ ही कन्टेम्प्ट आफ कोर्ट का आराधिक प्रकरण बनता है क्योकि संपत्ति का विवाद श्रीमान सत्रहवें व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड कोर्ट नं. 55 न्यायाधीश श्री देवकुमार साहब के न्यायालय में विचाराधीन है इसलिए उक्त संपत्ति के संबंध में गिरधर कसेरा से अथवा किसी से भी किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार नही करे अन्यथा उक्त संव्यवहार हमारे पक्षकार पर बंधनकार नही होकर निरस्तनीय होगा।

(एम.एल. शर्मा) अधिवक्ता म.प्र. उच्च न्यायालय
विल कोदरिया तह. महू (डॉ. अम्बेडकर नगर) जिला इन्दौर म.प्र.
मो.99263-30456, 88899-98279

इन्दौर नगर पालिक निगम
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र. 16

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री रजा मंसूरी पिता मोहम्मद रफीक मंसूरी** द्वारा झोन 16 राजस्व विभाग पर आवेदन क्र. 1366 दिनांक 25/11/2026 के साथ रजिस्ट्री /वसीयतनाम/ वारिसनाते प्रस्तुत कर सम्पत्तिकर पिन नं. 1004403458 पता-86 पैकी पूर्व दिशा का भाग (प्रायवेज भाग ए.बी.) अम्मार नगर ग्राम सिरपुर पर नामांतरण चाहा गया है।

यह सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर आपत्ति हो तो झोन क्र.16 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
क्रुशाभाऊ ठाकरे झोन क्र.-16
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अनीता क्रुमठ पति श्री विनय क्रुमठ** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-23 बी.सी.एम. वर्ल्ड फेस-2निपानिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001009870 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

इन्दौर नगर पालिक निगम

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 1.**श्रीमती श्वेता भटनागर पति श्री शिवप्रसाद श्रीवास्तव 2.शिवप्रसाद श्रीवास्तव पिता श्री जी.एल. श्रीवास्तव** द्वारा वार्ड 36 झोन क्र 22 राजस्व विभाग में पता-03 बी.सी.एम. वल्ड फेस-2 निपानिया इन्दौर पर आवेदन कर पिन नं. 1001009870 रजिस्टर्ड विक्रय पत्र प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.22 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्रं. 22
नगर पालिक निगम इन्दौर

भारतीय गेंदबाजों ने किया धमाल, एक ही स्कोर पर न्यूजीलैंड के तीन विकेट गिराए



क्राइस्टचर्च । न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च टेस्ट में भारतीय टीम के गेंदबाजों ने दमदार वापसी की है। टॉस हारने के बाद खेलने उतरी न्यूजीलैंड को टॉम लाथम और डेवोन कॉन्वे ने अच्छी शुरुआत दिलाई। पहले सेशन में पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद थी लेकिन लाथम और कॉन्वे ने डटकर सामना किया। हालांकि सेशन की आखिरी गेंद पर कॉन्वे आउट हो गए। दूसरे सेशन में लाथम ने फिफ्टी पूरी की और टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। समाचार लिखे जाने तक मेजबान कीवी टीम ने 4 विकेट पर 139 रन बना लिए थे । मिचेल व ब्लंडेल खेल रहे थे ।

न्यूजीलैंड का स्कोर 110 रन पर एक विकेट था। इसी स्कोर पर टीम ने तीन प्रमुख बल्लेबाजों के विकेट खो दिए। 42वें ओवर की तीसरी गेंद पर टॉम लाथम आउट हुए। आकाश दीप की गेंद पर ऋषभ पंत ने उनका कैच लपका। लाथम ने 128 गेंद पर 59 रन बनाए। इसके बाद अगले ओवर की पहली गेंद पर अंशुल कंबोज ने हेनरी निकोल्स को आउट कर दिया। निकोल्स ने सीरीज के पहले मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता था। वह सिर्फ 16 रन बना सके। न्यूजीलैंड के स्टार युवा बल्लेबाज रचिन रविंद्र का खाता तक नहीं खुला । आकाश दीप ने अपने अगले ओवर की आखिरी गेंद पर उन्हें आउट कर दिया । गेंद रचिन के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों में चली गई। उन्होंने 9 गेंदों का सामना किया। यानी भारत को लगातार तीन ओवर में तीन विकेट मिले और कीवी टीम इसके बीच एक भी रन नहीं बना पाई।

न्यूजीलैंड की टीम लगातार 22 गेंदों पर एक भी रन बनाए बिना तीन विकेट खो दिया। 45वें ओवर की पहली गेंद पर डैरेल मिचेल ने तीन रन लेकर न्यूजीलैंड के स्कोर में इजाफा किया। दो मैचों की सीरीज का यह निर्णायक मुकाबला है। इसे अपने नाम करने वाली टीम सीरीज को भी जीत लेगी।

गुकेश-सिंदारोव के बीच लगातार तीसरा गेम ड्रॉ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

इतिहास की सबसे युवा फीडे वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2026 में भारत के डिफेंडिंग चैंपियन डी गुकेश (20 वर्ष) और उज्बेकिस्तान के चैलेंजर



जावोखिर सिंदारोव (20 वर्ष) के बीच कांटे की टक्कर जारी है। गुरुवार को जिनेवा के फाउंडेशन मार्टिन बोडमर में खेला गया तीसरा गेम टूर्नामेंट का अब तक का सबसे लंबा और रोमांचक मुकाबला रहा, जो करीब पांच घंटे और 60 चालों के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

तीसरे गेम के ड्रॉ होने के साथ ही 14 बाजियों की इस चैंपियनशिप में दोनों खिलाड़ी 1.5–1.5 की बराबरी पर आ गए हैं। आज चैंपियनशिप का पहला रेस्ट डे है, जिसके बाद शनिवार को चौथे गेम में गुकेश सफेद मोहरों से खेलेंगे।

ताइक्वांडो में इंदौर संभाग के खिलाड़ियों का उम्दा प्रदर्शन



इंदौर। डिंडोरी में खेली गई 70वी राज्य स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंदौर संभाग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 9 स्वर्ण,8 रजक पदक प्राप्त करते हुए बालक एवं बालिका दोनों ही वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में लक्ष्य राठौर , कर्तव्य ठाकुर, रुद्र पाटिल , आशीष कुशवाहा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग में वाणी यादव, रक्षा परमार,मितीशा सिमरैया, साखी डांगी, साध्वी कैथवास ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

एवं बालक वर्ग में युवराज यादव, शौर्य मंडलोई, यश भावर ने रजत पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग मे अनुराधा पांडे, राधिका शर्मा,पीहू यदुवंशी, मणिका गोहर ने रजत पदक प्राप्त किया। इस दल के कोच इतिशा जीनवाल, स्वप्निल नवाले व गगन सिंह रहे। इस दल की दल प्रबंधक प्रेमलता लौवंशी रही। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हेमंत वर्मा, प्रशांत महेंद्र विकास सिमरैया ने बधाई दी। स्वर्ण पदक खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भोपाल, रतलाम, सतना, ग्वालियर, जबलपुर, नरसिंहपुर अगले दौर में

इंदौर। मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में 69 वीं यूटीटी मध्यप्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस स्पर्धा खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हुई।

अभय प्रशाल में खेली जा रही प्रतियोगिता की टीम स्पर्धा के बालक वर्ग अंडर-13 के आरभिक मुकाबलों में भोपाल बी ने उज्जैन बी को 3-0 से, इंदौर बी ने रीवा को 3-0 से, बालक अंडर-15 वर्ग में रतलाम ने झाबुआ को 3-1 से, बालक अंडर-17 आयु वर्ग में भोपाल ने रीवा को 3-0 से, सतना ने जबलपुर को 3-0 से, पुरूष टीम वर्ग में भोपाल सी ने सतना को 3-1 से, नसिंहपूर ने खंडवा को 3-0 से, जबलपुर ने उज्जैन ए को भोपाल ए ने रतलाम ए को 3-0 से, ग्वालियर ने उज्जैन को 3-0 से व महिला वर्ग में ग्वालियर ने नरसिंहपुर को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेष किया।

स्पर्धा का शुभारंभ बी.एस.एन.एल. इंदौर के प्रधान महाप्रबंधक पंकज उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में व मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघठन के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेष टेबल टेनिस संगठन के जयेष आचार्य, प्रमोद सोनी, जिला सचिव नीलेश वेद, गौरव पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

मां कनकेश्वरी की रोमांचक जीत

इंदौर। आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत एमकेसीसी एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो मं सभी विकेट खोकर 310 रन बनाये। अंश यादव ने 98 रन, अभिषेक मावी ने 90 रन एवं सार्थक ओझा ने 66 रन बनाये ।अंश दलाल ने 4 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम 50 ओवरो में 9 विकट के नुकसान पर 278 रन ही बना पाई और यह मैच 32 रनों के मामूली अंतर से हार गइ?र। निशांत सिंह ने 50 रन एवं पाथ्र गवली ने 86 रन बनाये। मोहनीश पाटीदार ने 3 विकेट लिये।

हॉकी में इंदौर की अच्छी शुरुआत



इंदौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ 26 नवंबर को हुआ। प्रतियोगिता 28 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर के विभिन्न स्कूलों की टीमें अंडर-19 बालक वर्ग में हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला द पंजाब पब्लिक स्कूल और मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। इसमें मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 गोल से जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से हितेश, वरुण और अर्पित ने गोल किए। अर्पित ने दो गोल दागे, जबकि द पंजाब पब्लिक स्कूल की ओर से वंश ने एक गोल किया। दिन का दूसरा मुकाबला मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और डेली कॉलेज के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में डेली कॉलेज ने 1-0 गोल से जीत हासिल की। डेली कॉलेज की ओर से विश्वराज ने एकमात्र निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई।

तीसरा मैच एमएसएस राय व बीके बिरला के बीच खेला गया एमएसएस राय ने बीके बिरला को 6 -1 से हराया एमएनएसएस के खिलाड़ियों ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और एक के बाद एक गोल किए।

एमएनएसएस की ओर से तविश और अर्पित ने 2-2 गोल करके टीम की जीत में सबसे बड़ा योगदान दिया। हितेश और देव ने 1-1 गोल किया। इस तरह एमएनएसएस ने मैच 6-1 से जीत लिया।

ट्रॉफी देखने भोपाल जाएंगे इंदौर के हॉकी खिलाड़ी

इंदौर। खेल व युवा कल्याण विभाग इंदौर के जिला अधिकारी रीना चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश खेल व युवा कल्याण विभाग (म प्र शासन) द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कंपलेक्स नाथू बरखेड़ा भोपाल में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के 27 व 28 नवंबर को चैंपियनशिप के सेमीफाइनल व फाइनल मैच देखने के लिए शहर की हॉकी प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया । शहर की हॉकी प्रतिभाओ को अंतरराष्ट्रीय खेल का अनुभव दिखाने का बड़ा अवसर मिला है । हॉकी फीडर सेन्टर, हॉकी इंदौर, प्रकाश क्लब स्थित फीडर सेंटर के खिलाडी भोपाल मे एशियन ट्रॉफी के सेमीफाइनल व फाइनल मैच देखेंगे । जिन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वार आमंत्रित किया गया है।

केसीयन्स फुटबॉल ट्रॉफी

आज होंगे सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले

इंदौर । किड्स कॉलेज स्कूल में आयोजित केसीयन्स फुटबॉल ट्रॉफी 2026-27 के अंतर्गत अंडर-17 बालक वर्ग के मुकाबले रोमांचक अंदाज में खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता में इंदौर के 12 विद्यालयों की फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। नॉकआउट पद्धति से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रत्येक मुकाबला टीमों के लिए अगले दौर में पहुंचने की चुनौती लेकर आ रहा है।

प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में सिक्का 78 स्कूल ने भवन्स स्कूल को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से



हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं ओमनी स्कूल ने श्री श्री रविशंकर स्कूल को 3-0 से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में एमराल्ड हाइट्स वर्ल्ड स्कूल ने सेंट अर्नाल्ड स्कूल को 2-1 से शिकस्त दी। मेजबान किड्स कॉलेज स्कूल की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जी.डी. गोयनका स्कूल को 2-1 से हराकर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की। रेयान इंटरनेशनल स्कूल और अग्रवाल पब्लिक स्कूल नें भी अगले दौर में जगह बनाई।

प्रतियोगिता में आगे बढ़ने के लिए सभी टीमें मैदान पर अपना पूरा दमखम लगा रही हैं। खिलाड़ियों के बीच बेहतर तालमेल, शानदार पासिंग, आक्रामक खेल और गोल करने के रोमांचक प्रयास देखने को मिल रहे हैं। नॉकआउट मुकाबलों के चलते प्रत्येक मैच का महत्व बढ़ गया है और टीमें जीत के लिए पूरी रणनीति के साथ मैदान में उतर रही हैं।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद इस वर्ष की केसीयन्स फुटबॉल ट्रॉफी के विजेता का फैसला होगा।

महिला की पीट पीटकर हत्या

दहेज के लिए सताने पर पति समेत ससुराल के चार लोग गिरफ्तार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

बाणगंगा थाना क्षेत्र में दहेज की खातिर एक महिला को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसकी हत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद मृतका के पति, सास, देवर और ननद के खिलाफ हत्या और दहेज प्रताड़ना की संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बाणगंगा पुलिस के अनुसार, शीतल नगर निवासी मृतका सरिता पति दीपक बिजोरे(38) की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। मामले की विस्तृत मर्ग जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी पति दीपक पिता नारायण बिजोरे, सास प्रेमलता, देवर जितेन्द्र बिजोरे निवासी शीतल नगर और ननद रंजना अहिरवार पति स्वर्गीय महेन्द्र अहिरवार, हाल निवासी शीतल नगर द्वारा लगातार दहेज की मांग की जा रही थी। जांच में पाया गया कि आरोपियों ने दहेज को लेकर सरिता के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ना देकर मारपीट की, जिससे चोटें लगने और मुंह दबाने के कारण सांस रुकने से उसकी मौत हो गई। मर्ग जांच के आधार पर बाणगंगा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 103(1), 80(2), 3(5) एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नो-एंट्री में घुसकर खड़ा मिला ट्रक

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

विजय नगर थाना क्षेत्र में नो-एंट्री नियमों को ताक पर रखकर भारी वाहन घुसाने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी है। रोबोट चौराहा के पास प्रतिबंधित क्षेत्र में ट्रक खड़ा पाए जाने पर पुलिस ने चालक के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करते हुए ट्रक को जब्त कर लिया है। एक ही महीने में नो-एंट्री उल्लंघन को लेकर विजय नगर थाने में दर्ज यह तीसरी एफआईआर है।



चालक पर केस दर्ज,एक माह में तीसरी नो एंट्री

विजय नगर पुलिस के अनुसार, रोबोट चौराहा के समीप नो-एंट्री जोन में एक ट्रक RJ-14-GK-1686 प्रतिबंधित समय व क्षेत्र में प्रवेश कर खतरनाक ढंग से खड़ा मिला। इससे यातायात और आमजन की सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ट्रक चालक ईदू पिता अली मोहम्मद, निवासी हरियाणा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को विधिवत जब्त कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

महंगी बाइक चुराने वाली गैंग के तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

लग्जरी लाइफस्टाइल के लिए चुराई 4 लाख की दो गाड़ियां जब्त



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कनाड़िया थाना क्षेत्र से चोरी गई महंगी मोटरसाइकिलों के मामले में पुलिस ने धार जिले के टांडा, बाग और गंधवानी क्षेत्र से तीन शातिर वाहन चोरों को दबोच लिया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 4 लाख रुपए कीमत की दो महंगी बाइक बरामद की गई हैं। गिरोह के सदस्य महंगे शौक व शानो-शौकत वाली जीवनशैली पूरी करने के लिए लग्जरी दोपहिया वाहनों को निशाना बनाते थे और चुराई गई गाड़ियां अक्सर गुजरात में बेचते थे।

कनाड़िया थाना प्रभारी तिलक करोले के अनुसार, 23 नवंबर की रात कनाड़िया गांव और कनाड़िया रोड स्थित संचार नगर से अज्ञात चोरों ने दो बाइक पार कर दी थीं। दोनों मामलों में 24 नवंबर को बीएनएस की धारा 303(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटनास्थलों के सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम ने धार जिले में दबिश देकर तीन आरोपियों सुरेश उर्फ सरजू मछार पिता रमेश मछार, निवासी ग्राम खरबैंडी, थाना जीराबाद, जिला धार, अंबू बास्केल पिता मोहब्बत बास्केल, निवासी ग्राम कोल्याबारी, थाना टांडा, जिला धार और अजय मोरे पिता कैलाश मोरे, निवासी ग्राम छोटी बिल्देरी, थाना जीराबाद जिला धार को गिरफ्तार कर लिया।?पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की [illegible] 15 [illegible]09-[illegible]1477 और [illegible] 200 [illegible]09-6055 बाइक जब्त की हैं। तीनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शुरुआती पूछताछ में सामने आया है कि गिरोह मुख्य रूप से केटीएम और आर-15 जैसी महंगी बाइक ही चुराता था और उन्हें गुजरात ले जाकर खपाता था। पुलिस को उम्मीद है कि रिमांड के दौरान अन्य चोरी की वारदातों और वाहनों का भी खुलासा हो सकता है।

दहेज में कार नहीं आई तो तीन तलाक दिया

प्रताड़ित करने पर पति पर हुआ प्रकरण दर्ज

इंदौर। चंदननगर थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और तीन तलाक बोलकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पीड़िता अमरीन शेख निवासी चंदननगर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति हुजेफा शेख के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद से ही कार की मांग को लेकर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था और मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया गया।

ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने दाल-चावल के डब्बे भी खंगाले, बिस्तर के नीचे रखे जेवरात और डब्बे में रखे नगदी गायब

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुरुशंकर नगर में सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। परिवार करीब चार दिनों से पैतृक गांव गया हुआ था, आज सुबह जब लौटा तो देखा कि घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है, इसके बाद अंदर पूरा सामान बिखरा हुआ था। चोरों ने दाल चावल के डब्बे तक को खंगाला। मिली जानकारी के अनुसार द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुरुशंकर नगर में रहने वाले अजय गुप्ता और उनका परिवार 22 नवंबर की दोपहर मकान पर ताला लगाकर पैतृक गांव गए थे। आज सुबह करीब 7:30 बजे वापस लौटे, तो देखा कि मकान के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ है। घर के अंदर कमरे में रखा सामान बिखरा पड़ा था, बिस्तर के नीचे रखी चांदी की पायल और चेन गायब थी, वहीं चोरों ने दाल-चावल के डब्बे भी खोलकर सामग्री बिखेर दी। डब्बे में रखे नगदी भी गायब थे। इसके बाद अजय ने घटना की सूचना द्वारकापुरी पुलिस को दी, पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालांकि इस मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें संदिग्ध नजर आ रहे है।





दो इलेक्ट्रिकल दुकानों के शटर उचकाकर 2.60 लाख की नकदी व मोबाइल चोरी

महारानी रोड के सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





सेंट्रल कोतवाली थाना क्षेत्र के महारानी रोड स्थित महालक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में अज्ञात चोरों ने पास-पास स्थित दो इलेक्ट्रिकल की दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए की नकदी और मोबाइल फोन पार कर दिए। बदमाश दोनों दुकानों के शटर उचकाकर और नकूचा तोड़कर भीतर दाखिल हुए थे। एक दुकान में लगे सीसीटीवी में एक चोर वारदात को अंजाम देता नजर आ रहा है।पीड़ित दुकानदारों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

सेंट्रल कोतवाली पुलिस के अनुसार, पहली वारदात कॉम्प्लेक्स की दुकान नंबर-05 स्थित 'हीरामोती इलेक्ट्रिकल' में हुई। त्रिवेणी कॉलोनी निवासी फरियादी प्रतीक पिता हीरानंद बहरानी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने दुकान का शटर ऊपर कर नकूचा तोड़ा और अंदर घुसकर गल्ले में रखे 1 लाख 70 हजार रुपए नकद तथा एक सैमसंग एस-22 मोबाइल फोन चुरा ले गया। दूसरी घटना ठीक पास स्थित दुकान नंबर-05/6 रोहित इलेक्ट्रिकल में सामने आई। त्रिवेणी कॉलोनी निवासी फरियादी रोहित पिता कन्हैयालाल खत्री ने शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात बदमाश उनकी दुकान का शटर उचकाकर अंदर घुसे और गल्ले से करीब 90 हजार रुपए नकद के साथ ही सैमसंग ए-14 व आईफोन एक्सआर मोबाइल फोन लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालते हुए चोरों की खोजबीन शुरू कर दी है।



सम्पादक : महेश मूंगड़। स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन, 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। RNI NO. MPHIN/2005/15582 फोन : 98273-69587 ई-मेल : cityblastindore@gmail.com